तापमान
अधिकतम 37.6 डिग्री
न्यूनतम 12.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025

13 3 स्थानों पर कामकाजी महिलाओं के लिए ....

14 ट्रांसपोर्ट नगर का सिस्टम फेल, सड़क पर ....


# कम नहीं हुई यात्रियों की मुसीबत, घंटों विलंब से रही ज्यादातर शहरों की फ्लाइट, मुंबई की दो उड़ानें रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नियम के शिथिल होने के बाद देश में रद्द होने वाली फ्लाइट की संख्या कम हो गई है, मगर यात्रियों की मुसीबत पूरी तरह कम नहीं हुई है। शनिवार को रायपुर आने वाली ज्यादातर फ्लाइट विलंब से पहुंचीं। केवल मुंबई की शाम और रात की फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। फ्लाइट पकड़ने सही समय पर एयरपोर्ट पहुंचने वाले यात्री घंटों इंतजार करते रहे। इसे लेकर व्यवस्था के प्रति उनकी नाराजगी बनी रही।

डीजीसीए द्वारा पायलट सहित क्रू मेंबरों के लिए लागू किए गए नए नियम फ्लाइटों के कैंसिलेशन और विलंब से आवाजाही का कारण बना हुआ है। पिछले चार दिन से विमानों की आवाजाही प्रभावित है, जो यात्रियों की परेशानी का कारण बना हुआ है। शनिवार को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर मुंबई की सुबह आने वाली फ्लाइट शाम को पहुंची। इसके अलावा शाम 5 और रात सवा आठ बजे आने वाली फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। इसके अलावा दिल्ली, हैदराबाद, लखनऊ सहित अन्य शहरों से आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय के बजाए विलंब से रायपुर में लैंड हुईं। यात्रियों के चेहरों पर फ्लाइट रद्द होने की चिंता कम हुई, मगर उनके लेट से आने की वजह से होने वाली परेशानी बरकरार रही है। मैसेज के अभाव में यात्री फ्लाइट के निर्धारित समय से एक घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंच गए, जहां उन्हें फ्लाइट के कई घंटे लेट से आने ▶▶| शेष पेज 13 पर

## एयरपोर्ट में फ्लाइट आने का यात्री करते रहे इंतजार, व्यवस्था से नाराजगी बनी रही

### 15 दिसंबर तक यात्रियों को छूट

विमानों की आवाजाही प्रभावित होने की वजह से यात्रियों को होने वाली परेशानी के कारण इंडिगो एयरलाइंस ने टिकट कैंसिलेशन और रीशेड्यूल रिक्वेस्ट में पूरी छूट देने का फैसला लिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया के एकाउंट में उल्लेख किया है कि कोई सवाल नहीं पूछा जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल की घटनाओं को देखते हुए यात्रियों के कैंसलेशन के सभी रिफंड ओरिजिनल पेमेंट मोड पर ऑटोमैटिकली प्रोसेस कर दिए जाएंगे। 5 से 15 दिसंबर के बीच ट्रैवल के लिए बुकिंग के सभी कैंसिलेशन/रीशेड्यूल रिक्वेस्ट पर पूरी छूट दी जाएगी।



### मरीजों को हुई परेशानी

विमानों के रद्द होने की वजह से सामान्य यात्रियों के उपचार संबंधी कारणों से यात्रा करने वालों को काफी परेशानी हुई है। हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई जैसे हास्पिटलों में इलाज के जाने वाले यात्री सही समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। इसी तरह मुंबई और कोलकाता होकर विदेश जाने वाले कई यात्रियों की बिजनेस मीटिंग और इंटरनेशनल कनेक्शन प्रभावित हुए। चार दिनों तक कई परिवार शादी-ब्याह के साथ अन्य आयोजनों में भी शामिल नहीं हो पाए। वहीं कई के महत्वपूर्ण कार्य इसकी वजह से पूरे नहीं हो पाए।

## खबर संक्षेप

### तीसरी मंजिल में बंद पड़े जिम में लगी आग

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के भगत सिंह चौक के पास एक तीन मंजिल बिल्डिंग के आखरी माले में बंद पड़े एक जिम में आग लग गई। आग लगने की इस घटना की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया। आग कैसे लगी और इससे कितना नुकसान हुआ है, इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि रात करीब 10 बजे सूचना मिली कि भगत सिंह चौक के पास एक तीन मंजिल बिल्डिंग के एक कमरे में आग लग गई है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक गाड़ी के साथ टीम मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया।

### बगैर अनुमति निकाली रैली, अपराध दर्ज

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी (छत्तीसगढ़िया सर्व समाज संगठन) के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं के खिलाफ बगैर अनुमति रैली निकालने के आरोप में अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने अनिल दुबे, ललित बघेल सहित अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। संगठन से जुड़े नेताओं ने बगैर अनुमति शुक्रवार को दोपहर 1 बजे आमापारा से छत्तीसगढ़ अस्मिता बचाव रैली का आयोजन किया था। रैली की वजह से जीई रोड पर दो घंटे तक ट्रैफिक बाधित रहा और लोग परेशान होते रहे।

### मोबाइल दिलाने का झांसा कृषि भूमि अपने नाम की

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक बुजुर्ग ने पिता-पुत्र के खिलाफ अपने नाती को मोबाइल दिलाने का झांसा देकर छह एकड़ कृषि भूमि अपनी भतीजी के नाम कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रवेली निवासी केशलाल बया ने पुनाराम साहू तथा उसके बेटे विक्रम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुनाराम तथा उसके बेटे केशलाल के नाती, जो मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है, उसे नया मोबाइल दिलाने का झांसा देकर जमीन के मूल दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए।

## पैडलरों के कब्जे से पुलिस ने 80 लाख रुपए कीमत का हेरोईन चिट्टा जब्त किया

हेरोईन चिट्टा के काराबोर से जुड़े 79 पैडलर को पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार

# ड्रग नेटवर्क के चार गैंग पुलिस के हत्थे चढ़े, नौ पैडलर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है, बावजूद इसके ड्रग का अवैध कारोबार करने वाले तस्करों की चेन टूटने का नाम नहीं ले रही। पुलिस ने पंजाब से हेरोईन चिट्टा लाकर खपाने वाले चार अलग-अलग ड्रग पैडलर नेटवर्क का खुलासा करते हुए नौ पैडलर को गिरफ्तार किया है। चारों ड्रग नेटवर्क ग्रुप को पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर क्रेक किया है। पुलिस ने जिन नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, उनसे जुड़े लोगों के बारे में पुलिस को जानकारी मिल गई है। पुलिस उन्हें भी जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। पुलिस ने ड्रग पैडलरों के कब्जे से 80 लाख रुपए कीमत का चार सौ ग्राम हेरोईन चिट्टा जब्त की है। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### इन नेटवर्क को किया क्रेक

### कमलेश अरोड़ा उर्फ लाली

कमलेश अरोड़ा पंजाब एवं दुर्ग-भिलाई के बड़े सप्लायरों के लिए फ्रंट के रूप में कार्य करता था तथा संपूर्ण लेन-देन नकद में करता था। उसके द्वारा धमतरी, बालौदबाजार एवं जगदलपुर तक नेटवर्क फैलाया गया। इसी नेटवर्क से धमतरी निवासी गौरव सोनी को गिरफ्तार किया गया। कमलेश अरोड़ा के कब्जे से गिरोह के द्वारा सप्लाई किए जाने के लिए रखा 303 ग्राम चिट्टा जप्त किया गया। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सात प्रकरण में 79 पैडलर गिरफ्तार

पंजाब से हेरोईन चिट्टा, ब्राउन शुगर, डोडा चूरा लाकर खपाने वाले तस्करों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात अलग-अलग प्रकरणों में 79 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के दावों के अनुसार जिन चार ड्रग नेटवर्क को क्रेक किया है, उन नेटवर्क के टियर-1 पैडलरों की पहचान कर ली गई है।

### गिरफ्तार आरोपी

- तेलीबांधा, हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी कमलेश अरोड़ा
- धमतरी, कोतवाली निवासी गौरव सोनी
- पंजाब, तरनतानरण निवासी बगेल सिंह
- सिविल लाइन, पंचशील नगर निवासी आयुष दुबे
- टिकरापारा, नवजीवन सोसाइटी निवासी मृत्युंजय दुबे
- राजेंद्र नगर महावीर नगर निवासी तन्मय गोइदी
- गुढ़ियारी, भारत माता चौक निवासी सोनू साहू
- आमानाका, टाटीबंध निवासी गगनदीप सिंह
- गुढ़ियारी, विकास नगर निवासी खिलावन साहू

## कैल्शियम सिरप की बोतल में चिपचिपी वस्तु, मांस होने के संदेह में हंगामा, शिकायत पर जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ देवपुरी उप स्वास्थ्य केंद्र की घटना, गर्भवती को दिया गया था सेवन के लिए

गर्भावस्था के दौरान महिला को सेवन के लिए दिए गए कैल्शियम सिरप की बोतल से निकली चिपचिपी वस्तु को लेकर देवपुरी उप स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा हो गया। महिला और उसके परिजनों ने बोतल में मांस होने का संदेह जताया, जिसके बाद देवपुरी स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा हो गया। शिकायत मिलने पर मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। संदेह यह है कि ठंड के मौसम में



कैल्शियम की सिरप जम गई होगी, जो ढक्कन खोलने पर उसी हालत में बाहर आ गई।

जानकारी के अनुसार कमल विहार में रहने वाली देविका गर्भवती है और उसका इलाज देवपुरी के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा है। बताया जाता है कि 14 नवंबर को जांच के दौरान चिकित्सकीय स्टाफ ने उसे पीने के लिए कैल्शियम सिरप दिया था। बताया जाता है ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सिरप की अन्य बोतल में भी टुकड़े दिखे

साहू दंपति ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जब इस घटना के बारे में बताया, तो वहां के कर्मचारियों ने स्टॉक में मौजूद कुछ अन्य सिरप की जांच की, तो उसमें भी इस तरह की वस्तु नजर आई। उन्होंने सजगता दिखाते हुए सिरप की बोतल को सील कर दिया। महिला ने चिकित्सकीय स्टाफ को बताया कि सिरप में तैर रहे इस टुकड़े को देखकर वह भयभीत हो गई और तत्काल पति के साथ हेल्थ सेंटर आ गई।

इलेक्ट्रिक गैजेट की जांच करने कोलकाता, मुंबई से 15 सदस्यीय टीम पहुंची

## आईटी रेड में पांच सौ करोड़ की बोगस बिलिंग के मिले साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में जिन 45 स्टील कारोबारी तथा उनसे जुड़े लोगों के यहां आयकर विभाग की टीम ने छापे की कार्रवाई की है, उन कारोबारियों के अलग-अलग परिसरों से पांच सौ करोड़ रुपए के बोगस बिलिंग करने के साक्ष्य आयकर अफसरों को मिला है। छापे की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही। सूत्रों ने रविवार देर शाम तक छापे की कार्रवाई कंपलीट होने की संभावना व्यक्त की है। छापे की कार्रवाई के साथ आयकर विभाग के अफसर कारोबारियों के बयान भी दर्ज कर रहे हैं।

जिन कारोबारी तथा उनसे जुड़े लोगों के यहां आयकर अफसरों की टीम कार्रवाई कर रही है, उनके ठिकानों से शुक्रवार को आयकर अफसरों ने सात करोड़ रुपए कैश बरामद किया है। बरामद कैश में कितनी पक्के की रकम है, कितनी कच्चे की रकम, इस संबंध में आयकर अफसरों ने अभी तक किसी तरह से अधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की है। साथ ही अलग-अलग बैंकों के जो 18 लॉकर मिले हैं, उन लॉकरों को अभी तक नहीं खोला गया है। सूत्रों के मुताबिक तीसरे दिन भी आयकर अफसरों को कारोबारी ठिकानों से बड़े पैमाने पर प्रापर्टी के दस्तावेज मिले हैं। आयकर अफसरों की टीम कारोबारियों के यहां से मिले बोगस बिलिंग की जांच में जुटी हुई है।

हरिभूमि फॉलोअप


आयकर छापा में कारोबारियों के यहां से मिले सात करोड़ कैश, 18 लॉकर, जांच जारी

### साइबर एक्सपर्ट की 15 सदस्यी टीम पहुंची

*कारोबारियों के कम्प्यूटर, हार्ड डिस्क, लैपटॉप तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की जांच करने आयकर विभाग के साइबर एक्सपर्ट की 15 सदस्यी टीम मुंबई तथा कोलकाता से रायपुर पहुंची है। साइबर एक्सपर्ट की टीम डीलीट डेटा रीकवर करने के साथ ही लेन-देन की बैकअप फाइलें अपने हार्ड डिस्क में स्टोर करने का काम कर रही है।*

## लौटी ठंड, माना में बने शीतलहर के हालात, शहर में भी छूटी कंपकंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में शुष्क हवा के साथ ठंड की वापसी हो गई है। सरगुजा संभाग के साथ शहर के माना इलाके में शीतलहर के हालात बन गए हैं। शहर में ठंड बढ़ने से कंपकंपी छूट रही है। आने वाले दिनों में मौसम में बड़ा बदलाव होने के बजाए मामूली उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने की संभावना है। माना का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री नीचे जा चुका है।

प्रदेश में अभी उत्तरी हवा का प्रवेश हो रहा, जो शुष्क है। इसके प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है, जिससे ठंड ने एक बार फिर जोर दिखाया है। खासकर उत्तरी इलाके में ▶▶| शेष पेज 13 पर




वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

## चाकू की नोक पर बदमाश ने युवक से पैर छूकर माफी मंगवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ डीडीनगर थाना क्षेत्र की घटना, थाने में अब तक शिकायत दर्ज नहीं

डीडीनगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा में एक बदमाश द्वारा क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित करने एक युवक को चाकू की नोक पर पैर छूकर माफी मंगवाने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल किया जा रहा है। घटना की थाना में अब तक किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस अपने स्तर पर पड़ताल कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

वायरल वीडियो में यश नाम का युवक दूसरे लड़के को सोशल मीडिया पर झूठी बातें फैलाने का आरोप लगाते हुए धमका रहा है। चाकू की नोक पर वह लड़के को पैर छूने के लिए मजबूर करता है। इसके बाद लड़का डर कर यश



नामक बदमाश के पैर छूकर माफी मांगते दिख रहा है। पीड़ित लड़के ने विरोध करने की कोशिश भी की, लेकिन डर के कारण विवश होकर माफी मांगता है। ऐसे पूर्व में अन्य वायरल वीडियो में पुलिस स्वतः संज्ञान लेते हुए बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई भी कर चुकी है। बदमाश इस तरह के ज्यादातर वीडियो इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल साइट पर पोस्ट कर लोगों को डराने का काम करते हैं।



## खबर संक्षेप



### अखिल यदु को पीएचडी की उपाधि मिली

**धरसींवा।** समाजशास्त्र के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए, शोधार्थी अखिल यदु को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए पी.एच.डी. (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि से विभूषित किया गया है। जनजातीय समुदाय पर केंद्रित इस गहन अध्ययन को शैक्षणिक मंचों पर विशेष सराहना प्राप्त हुई है और इसे समाजशास्त्रीय अध्ययन की दृष्टि से एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

अखिल यदु के शोध का विषय छतीसगढ़ के वन्य ग्रामों में निवासरत जनजातियों की सामाजिक संरचना में निरंतरता एवं परिवर्तन का अध्ययन (धमतरी जिले के विशेष संदर्भ में) रहा। यह शोध विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में निवास कर रहे जनजातीय समुदायों के सामाजिक ढांचे, जीवनशैली और उनमें आ रहे परिवर्तनों की वास्तविक संरचना को समझने का एक सफल प्रयास है। श्री यदु ने यह शोधकार्य शासकीय जे. यो. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर डॉ. संजय चंद्राकर के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

### डा.आंबेडकर की पुण्यतिथि सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुई



**आरंग।** शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही सर्वधर्म प्रार्थना कर उनकी जीवनी के बारे में जाना। इस मौके पर शाला के वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल व शिक्षिका संगीता पाटले ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जीवनी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर का संपूर्ण जीवन संघर्षों से भरा रहा। संविधान निर्माण में उनकी भूमिका के लिए संपूर्ण देश सदैव उनके ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका असाधारण व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणादायक है। महापुरुषों की जीवनी से सदैव हमें कुछ न कुछ सीख अवश्य मिलती है।

### कोरासी सास-बहू सम्मेलन में परिवार नियोजन पर की चर्चा



**आरंग।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोरासी में सास–बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें गाँव की 40 जोड़ी सासें और बहुएँ शामिल हुईं। डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को परिवार नियोजन के महत्व, नसबंदी के प्रति जागरूकता तथा पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत ने बताया कि इसी प्रकार के आयोजन ब्लॉक के सभी स्थानों पर किए जाने हैं।

# मीडिया के प्रभावी संचालन से विकास की सही जानकारी पहुंचती है जनता तक

## भारतीय प्रबंधन संस्थान में विधायक अनुज शर्मा ने दिए विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

जनप्रतिनिधि सिर्फ योजनाएँ लागू नहीं करते, वे समाज का भरोसा भी संभालते हैं। सही नैरेटिव स्पष्ट कम्युनिकेशन और प्रभावी मीडिया हैंडलिंग से ही विकास कार्यों का वास्तविक प्रभाव जनता तक पहुँचता है। यह महत्वपूर्ण वक्तव्य धरसीवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में पंचायत विभाग के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान दिया। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे श्री शर्मा ने आधुनिक राजनीति में सफल होने के लिए आवश्यक 'नैरेटिव बिल्डिंग' और 'पब्लिक रिलेशन–गवर्नमेंट मैसेजिंग' के गुर सिखाए।



### सोशल मीडिया और सरकारी संदेशों का प्रभावी संप्रेषण

धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने 'गवर्नमेंट मैसेजिंग' की सफलता के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरकारी योजनाओं के संदेश को सही भाषा, सही प्लेटफ़ॉर्म और सही समय पर पहुँचाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मीडिया के साथ संवाद में पारदर्शिता, तथ्यों की स्पष्टता और शिष्ट भाषा बनाए रखने की महत्ता पर बल दिया, क्योंकि संकट की स्थिति में संयमित मीडिया हैंडलिंग ही जनता का भरोसा कायम रखती है। सोशल मीडिया की शक्ति को रेखांकित करते हुए विधायक ने कहा कि यह आज जनता तक सबसे तेज़ पहुँचने वाला माध्यम है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे माध्यमों का रणनीतिक उपयोग सिखाया।

विधायक अनुज शर्मा ने कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि आज के दौर में किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि के लिए अपना सकारात्मक नैरेटिव तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है कि जनता तक उनकी कहानी सही तरीके से पहुँचे। इसके लिए विकास कार्यों को सरल और सहज भाषा में प्रस्तुत करने तथा नकारात्मक वातावरण को सकारात्मक संवाद में बदलने की कला में पारंगत होना ज़रूरी है। बता दे कि प्रशिक्षण के दौरान, कठिन सवालों का सामना करने की तैयारी के लिए भूमिका-अभिनय तकनीक का उपयोग किया गया, जिससे जनप्रतिनिधियों को संकट की स्थिति में भी संयमित और आत्मविश्वासपूर्ण उत्तर देने का अभ्यास कराया जा सके।

## आरोप : कब्जाधारियों ने मिल का गेट तोड़ा और डंपरों से मुरुम डाला

# किसान राइस मिल जमीन पर मुरुम डालकर कब्जा करने की शिकायत पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा में भूमाफियाओं हौसले बुलंदी पर है। बिना दर भय के अब वे सरकारी

- पुलिस ने मौका मुआयना किया और आपत्तिजनक गतिविधियों से किया इनकार

जमीनों पर भी कब्जा करने लगे है. इसका तजा उदाहरण सरकारी किसान राइस मिल की जमीन का है जिस पर कब्जा किया जा रहा है। किसान राईस मिल की करोड़ों की बेशकीमती 5 एकड़ जमीन पर कब्जा करने की शिकायत तिल्दा एसडीएम से की गई है लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ।







अब तो कब्जा करने वाले किसान राइस मिल के गेट में लगे ताले को तोड़कर जमीन पर कब्जा करने के लिए डंपरो से खुलेआम मुरूम डाली जा रही है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि किसान राइस मिल के अधिकारी के द्वारा मिल के गेट का ताला तोड़े जाने की शिकायत तिल्दा नेवरा पुलिस थाना में लिखित में दी गई है। बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

उधर राईस मिल की जमीन पर खुलेआम हो रहे कब्जा होते देख वार्ड वासियों में भारी रोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि गरीबो के 500 फीट जमीन बने झोपड़ो और कच्चे मकानों को नगर पालिका ,और तहसील प्रशासंन के द्वारा अवैध करार देकर गिरा दिया जाता है . और दबंगों द्वारा करोड़ों की छह एकड़ जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।उसके बाद भी प्रशासन मौन है।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 3 में सरकारी किसान राइस मिल 50 साल से भी अधिक समय से स्थापित है। राईस मिल की लगभग 6 एकड़ जमीन पड़ी हुई है। पहले नूतन राइस मिल के नाम से जाने जाने वाली प्रदेश की किसान राइस मिलों को संचालित करने में सरकार को घाटा होने के कारण मिलो में ताले लगा दिए गए है।तिल्दा की किसान राइस मिल भी बंद पड़ी हुई है और गेट में ताला लगा हुआ हैं। पहले मिलो की जिम्मेदारी किसान समितियों के द्वारा की जाती थी , सरकार ने अब इसके देखरेख की जिम्मेवारी सहकारी विपणन समितियों की दी है।

### पुलिस से की शिकायत पर राहत नहीं मिली

तिल्दा राईस मिल के परिसमापक अधिकारी अरविंद गोयल ने बताया कि मिल शहर के बीचो-बीच होने के कारण भूमाफियाओ की नजर मील खाली पड़ी जमीन जिसका भूखंड खसरा नंबर 187\/2 है पर नजर लगी हुई है। और कई बार में गेट के ताले तोड़कर कब्जा करने की कोशिश की गई है। उन्होंने बताया कि ताले तोड़ने की लिखित शिकायत तिल्दा थाने में की जा चुकी है, लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। गोयल ने यह भी बताया कि मिल में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए थे .जो चोरी कर लिए गए हैं। और वर्तमान में अभी एक नेता के द्वारा, शहर में गलत कार्य करने वाले एक दंबग व्यक्ति के साथ मिलकर मिल के पीछे की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि जनवरी 2025 में जब लोगों के द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया था तो कलेक्टर से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई थी। उसके बाद कब्जा धरी शांत होकर बैठ गए थे लेकिन 10 महीने गुजर जाने के बाद भी उन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### आपत्तिजनक गतिविधियां नहीं मिली

तिल्दा नेवरा टीआई रमाकांत तिवारी ने बताया कि शिकायत की गई थी। जिस पर पुलिस दो-तीन बार मौके पर पहुंची है लेकिन वहां इस तरह की कोई गतिविधियां नहीं देखने को मिली, पुलिस अभी भी जांच कर रही है।

## आरंग की स्वास्थ्य संस्थाओं के निरीक्षण में स्वच्छता पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कायाकल्प योजना के अंतर्गत ब्लॉक आरंग के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को उत्कृष्ट, स्वच्छ, सुरक्षित एवं मरीज हितैषी बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर जिला स्तरीय बाई-मूल्यांकन का निरीक्षण किया गया। टीम में मनीष कुमार मेझवार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुमार सिंह, देवेंद्र साहू फार्मासिस्ट, दीप कुमारी नर्सिंग ऑफिसर शामिल रहीं। अंतिम मूल्यांकन के दौरान टीम ने विगत दो दिनों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरूद, कुटेला, पीएचसी भानसोज, पीएचसी रीवा, पीएचसी मंदिर हसौद एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विस्तृत कायाकल्प मूल्यांकन किया। निरीक्षण में स्वच्छता व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण, मरीज सेवाएं, सुरक्षा मानकों का पालन, आधारभूत संरचना की उपलब्धता तथा सामुदायिक सहभागिता जैसे प्रमुख बिंदुओं की सूक्ष्म जांच की गई। टीम ने सेवा प्रदाय प्रक्रिया, स्टाफ की उपलब्धता, औषधि भंडारण, बायो-मेडिकल वेस्ट निस्तारण तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रावधानों के अनुपालन की वस्तुनिष्ठ समीक्षा की। कई केंद्रों में उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई और जहाँ सुधार की जरूरत पाई गई वहाँ त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि कुछ स्वास्थ्य केंद्र स्वच्छता, सुंदरता, अनुशासन एवं गुणवत्ता सेवाओं की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं। विशेष रूप से आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोरासी—जो ब्लॉक मुख्यालय से दूर होने के बावजूद—निरंतर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है, जो स्वास्थ्य टीम की कार्यनिष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी, अनंत दीपक कुमार, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर लीना देवांगन, (सीएचओ) अश्विनी कुमार तथा सभी मितानिन उपस्थित रहे।

## पीएम आवास में गड़बड़ी सीएमओ को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

नगरपंचायत कूंरा के आवास हित ग्राही एवं कांग्रेस पार्षद , पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद डालेंद्र वर्मा , उपाध्यक्ष राजा भैया पार्षद प्रधान देवांगन , ढालचंद पाल , जगतु देवांगन , बसंत रजक , रिजवान उल्ला खान , रेखराज देवांगन , गोलू भतरीया, पूर्व पार्षद प्रेमलाल पाल सहित आदि लोगों ने पीएम आवास निर्माण में भारी गड़बड़ी मामले को लेकर हल्ला बोल दिए है । साथ 15 दिवस का मोहलत देते हुए राशि नहीं पहुंचने के स्थिति में सीएमओ दीपक शर्मा को आंदोलन करने की बात कहते हुए ज्ञापन सौंपे है । जिनमें बताया गया है कि नगर के करीब 150 हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास बनाने 6 माह पहले से स्वीकृति पत्र क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा की गरिमामई उपस्थिति में उनके हाथों से प्रदान किए गए है और अनेकों आवास हितग्राहियों ने स्वीकृति पत्र मिलते ही शासन की गाइड लाइन के तहत अपने कच्चे मकान को तोड़कर आवास बनाना प्रारंभ कर दिए है और

### 99 हितग्राहियों को मकान आवंटित

सुडा कार्यालय रामपुर आवास अधिकारी अनुज से राशि संबंधित बात किये जाने पर कहा कि हमारे कार्यालय में कूंरा नगरपंचायत से कुल 99 हितग्राहियों का लिस्ट आया है जल्द ही उन सब के खाते में राशि भेजे जाएंगे ।

वह स्वयं किराए की मकान में रह रहे है जिन्हें आज 6 माह हो गए है और उक्त हितग्राहियों के खाते में आज दिनांक तक भी में राशि नहीं आने से आर्थिक तंगी झेलने पड़ रहे है गरीब हितग्राहियों ने अपने चित परिचितों से उधारी में कर्ज लेकर अपने आवास को पूर्ण करने में लगे हुए है जिसके चलते लोग काफी आक्रोश में है । कई हितग्राही ऐसे है कि जिनको स्वीकृती पत्र ही नहीं मिल पाए है ।जिसके चलते वह अतिआवश्यक लोग आवास बनाना प्रारंभ ही नहीं कर पा रहे है । इससे यह साबित होता है कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार गरीबों का सपना पूरा नहीं कर पा रही है।

## नवनियुक्त प्राचार्य पटले ने सेजस स्कूल समोदा में पदभार सम्भाला




**आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा 27 नवंबर, गुरुवार को स्कूली शिक्षा विभाग में लंबे समय से कार्यरत व्याख्याताओं को प्राचार्य पद पर पदोन्नति देकर आदेश जारी किया गया है। इसी आदेश के परिपालन में शैलेंद्र कुमार पटले ने सेजस शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला समोदा, विकासखंड–आरंग, जिला रायपुर में प्राचार्य पद पर 27 नवंबर को अपराह्न 3:45 बजे संस्था के प्रभारी प्राचार्य अज्ञाराम ठाकुर से पदभार ग्रहण किया। विद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्य श्री पटले का पदभार ग्रहण करने से सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में हर्ष एवं उत्साह देखने को मिला। श्री पटले जी को पुष्प-गुच्छ भेंटकर, आरती-पूजन एवं तिलक लगाकर सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा प्रभारी प्राचार्य अज्ञाराम ठाकुर और वरिष्ठ व्याख्याता टीपू वर्मा द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्राचार्य ने सभी स्टाफ की बैठक लेकर विद्यालय को बेहतर रूप से किस प्रकार संचालित किया जाए, सभी गतिविधियाँ बिना अवरोध के संपन्न हों तथा परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट आए—इस विषय पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर डॉ. बेदलाल साहू व्याख्याता, हरेन्द्र साहू संकुल-समन्वयक, सत्यनारायण सोनकर शिक्षक तथा स्टाफ के सभी व्याख्याता-शिक्षक—अन्नूलाल निषाद, सुधा वर्मा, खुशबू जलक्षत्री, स्मिता साय, सुनीता नायक, रूपेंद्र साहू, अंकुश मेस्त्रंम, नम्रता चंद्राकर, रेवती गायकवाड़, संतोष निषाद, पुरुषोत्तम लाल साहू, लक्ष्मी वर्मा, टंडन सर, मोहंती मैडम, चेतन साहू, श्यामसुंदर देवांगन, मोतीलाल साहू, आकांक्षा वर्मा, रंजना साहू, कोसरिया सर, सोमेश साहू, डड़सेना सर, ईशा खान, गुंजारे लाल बंजारे, डोमार प्रसाद पटेल, तिवारी मैडम, रूपेश साहू, सुनीता नायक, श्रुति मेनन, चंद्रवती पटेल, हिमानी निषाद, रजत पांडे, युवराज साहू उपस्थित थे। नए प्राचार्य के पदभार ग्रहण करने पर शाला विकास समिति एवं ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

## साहू समाज है मेहनती, संस्कारी एवं संगठित : मंत्री गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



परिक्षेत्र साहू समाज का ग्राम सारखी मे नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह एवं भवन लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि क्षेत्रीय विधायक एवं समाज के संरक्षक इंद्र कुमार साहू ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू एवं राजिम विधायक रोहित साहू, अतिविशिष्ट अतिथि, जिला साहू समाज रायपुर अध्यक्ष देवनाथ साहु, तहसील अध्यक्ष ब्रम्हानंद साहू अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने संत माता कर्मा के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहब ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज मेहनती, संस्कारी एवं संगठित समाज है। इसी एकता और मेहनत के कारण समाज निरंतर प्रगति कर रहा है। आज देश और प्रदेश की बागडोर साहू समाज के हाथों में होना गौरव की बात है। विधायक श्री साहू एवं अतिथियों ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपने अपने सुझाव दिये तथा समाज के उत्थान के लिए नियमों में आवश्यक सुधार कर समाज को और मजबूत बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में परिक्षेत्र के 33 ग्रामों के अध्यक्षों तथा सर्व समाज के अध्यक्षों को साहू समाज द्वारा फूलमाला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। मंत्रियों एवं विधायकों के आगमन पर ग्रामीणों और समाजजन ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन कुमार गुरुपंच, उपाध्यक्ष नेतराम साहू, महिला उपाध्यक्ष हेमलता साहू, संगठन सचिव मानसिंह साहू, महिला संगठन सचिव लेख प्रभा साहू सहित कुल 135 पदाधिकारियों को विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर पर सभी अतिथियो को सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम मे जपं.उपाध्यक्ष खेलूराम साहू , सरपंच भुपेन्द्र नेताम, भोजराम साहु, बीरेन्द्र साहू, टेकचंद साहू, राघवेन्द्र साहु, बिहारी लाल साहू,घासुराम साहू, ईश्वर साहु, नरोत्तम साहु, बैसाखू साहु, व्यास नारायण साहु, मनीष साहु, श्रीमति मीना साहू, जानकी साहू, रूपनारायण साहु, रामा साहू,नारायण साहू, सहित क्षेत्र के 33 ग्रामो के समाजिक लोग व अन्य समाज के लोग बड़ी संख्या मे सम्मिलित रहे।

## भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान व कला के मास्टर ट्रेनर्स को मिला प्रशिक्षण

# नई शिक्षा नीति की मास्टर ट्रेनिंग में स्कूल कल्चर व ब्लूम टैक्सोनोमी पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर में 1 से 5 दिसंबर तक नवीन बोर्ड ब्लूप्रिंट, प्रश्न निर्माण और शिक्षण शास्त्र को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी-2020) के अनुरूप बनाने हेतु पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान, गणित, कला एवं भाषा समूह के मास्टर ट्रेनर्स शामिल हुए। यह कार्यक्रम एससीइआरटी संचालक ऋतुराज



रघुवंशी के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक डॉ. जे.पी. रथ ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि एक सफल इंसान को अपने रास्ते स्वयं बनाने पड़ते हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के उप सचिव बी. रघु सर ने शिक्षा-शिक्षण शास्त्र, प्रश्नों के स्वरूप व निर्माण तथा मूल्यांकन के संबंध पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में विशिष्ट वक्ता शिशिरकर्ण भट्टाचार्य ने स्कूल कल्चर पर, जबकि डॉ. अर्चना वर्मा ने ब्लूम टैक्सोनोमी की अवधारणा पर मार्गदर्शन दिया।

### प्रश्न निर्माण तकनीक पर प्रशिक्षण प्रदान

प्रशिक्षण के दौरान स्टेट रिसोर्स पर्सन सपना सोनी और डॉ. भूपेंद्रधर दीवान ने भौतिकी में नवीन ब्लूप्रिंट, प्रश्नपत्र निर्माण, न्यूमेरिकल एनालिसिस, लर्निंग लॉस व शिक्षण शास्त्र पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। मनोज शर्मा, श्रीमती सोमा बनिक और सुनीता पांडेय ने रसायन विषय में ब्लूम आधारित प्रश्न निर्माण एवं शिक्षण पद्धति पर दिशा-निर्देश दिए। डॉ. माधुरी बोरेकर पटेल और श्रीमती नेहा सक्सेना ने जीवविज्ञान में ब्लूम आधारित ब्लूप्रिंट व प्रश्न निर्माण तकनीक पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

**लापता/गुमशुदा**



**नाम - कु. भारती पंकज**
उम्र- 49 वर्ष/ ऊंचाई 5 फीट 2 इंच, रंग- गेहूंआ। जो कि दिनांक 03/12/2025, दिन बुधवार को 11:00 बजे किसी को बिना बताये घर से निकल गई है। जो कि मानसिक रूप से अस्वस्थ है। जिस किसी भी सज्जन को मिले या दिखाई दे । कृपया निम्न पते पर पहुंचाने की कृपा करें या सूचित करें।

**दिनेश कुमार पंकज**
पता- म.न. D/12, नियर आइडिया टॉवर, सिंचाई कालोनी गेट के पास, त्रिवेणी विहार, लालपुर रायपुर (छ.ग.)
पिन- 492001
मो.नं.-9755312323

**AFFIDAVIT FOR CHANGE IN NAME/DEED POLL/SWORN AFFIDAVIT**

By this deed I, the undersigned I, SHEKHAR (NEW NAME) Previously called - SHEKHAR VIRMANI, (OLD NAME) OCCUPATION-BUSINESS Presently Residing at -J-503, RAHEJA RESIDENCY, OPP. SAINT XAVIER SCHOOL, AVANTI VIHAR ROAD, RAIPUR PO. RAIPUR, TAHSIL& DIST. RAIPUR, CHHATTISGARH 492001, INDIA solemnly declare :-

1. That for and on behalf of myself and my Wife, children and remitter issue, I wholly renounce/relinquish and abandon the use of my former name/surname of SHEKHAR VIRMANI and in place thereof, I do hereby assume from this date my name/surname - SHEKHAR so that I and my Wife, children and remitter issue may hereafter be called, known and distinguished not by my former name/surname, but assumed my name/surname of SHEKHAR.
2. That for the purpose of evidencing such my determination declare that I shall at all times hereafter in all records, deeds and writings and in all proceedings, dealings and transactions, private as well as upon all occasions whatsoever, use and sign the name of my SHEKHAR as my name/surname in place and in substitution of my former name/surname.
3. That I expressly authorize and request all persons in general and relatives and friends in particular, at all times hereafter to designate and address me, my Wife, my children, and remitter issue by such assumed my name/surname SHEKHAR.
4. In witness whereof I have hereunto subscribed my former and adopted my name/surname of SHEKHAR VIRMANI and SHEKHAR affix my signature and seal, if any, this 4th day of December, 2025.

DATE: 04/12/2025

Signed, Sealed and delivered by the above name Former Name: SHEKHAR VIRMANI

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला रायपुर तहसील अभनपुर प.ह.न. - 00028 गातापार ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202526441630400009

**//ईश्तहार//**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00028 के अंतर्गत ग्राम गातापार के वर्तमान भूमिस्वामी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग क्रमांक 04 सेजबहार रायपुर आवास गातापार अभनपुर पिता/पति - दीनदयाल आवास गातापार अभनपुर पता सेजबहार रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 483/1 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता तिलक कुमार साहू पिता/पति भीखम लाल साहू पता- एच/06, हाउसिंग बोर्ड कालोनी पुलिस लाईन रायपुर के नाम पर पंजीयन /फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार : SITA SHUKLA, तहसील अभनपुर

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः जिला रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.न.-00028 गातापार ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD202526441630400007

**ईश्तहार**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00028 के अंतर्गत ग्राम गातापार के वर्तमान भूमिस्वामी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग क्रमांक 04 सेजबहार रायपुर आवास गातापार अभनपुर पिता/पति-दीनदयाल आवास गातापार अभनपुर पता-सेजबहार रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 483/1(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गोपीकिशन नेताम पिता/पति-बौधसिंह नेताम पता-धमतरी रोड पुलिस लाईन रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदारः SITA SHUKLA, तहसील - अभनपुर

# एसटी आयोग में सुनवाई धीमी, 15 सौ से अधिक प्रकरण लंबित, लोगों को मिल नहीं पा रहा न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग जल्द से जल्द तथा कम खर्च पर न्याय पाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का दरवाजा खटखटाते हैं, लेकिन यहां भी अब उन्हें कई महीने नहीं, बल्कि कई साल के बाद भी न्याय नहीं मिल पा रहा है। आयोग में नियमित सुनवाई नहीं होने के कारण लंबित प्रकरणों की संख्या भी कम नहीं हो पा रही है। कार्यालयीन सूत्रों के अनुसार आयोग में 1500 से अधिक प्रकरण लंबित हैं, जिनमें आधे से ज्यादा 2 साल से अधिक समय से लंबित हैं। दो सौ से अधिक प्रकरण तो 5 से 10 वर्ष के बीच के हैं, जिनका निराकरण अभी तक नहीं हुआ है। इसके कारण इन प्रकरणों के आवेदकों को अभी तक न्याय नहीं मिल पाया है।

### पक्षकारों को तारीख पे तारीख दी जा रही

आयोग में रायपुर सहित प्रदेशभर से लोग न्याय की उम्मीद लिए अर्जी लगाते हैं, लेकिन नियमित सुनवाई नहीं होने के कारण आवेदकों को बार-बार आयोग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कई प्रकरणों में तो सुनवाई की तारीख लगातार आगे बढ़ा दी जा रही है। हालांकि आयोग के जिम्मेदार अधिकारी इसके लिए कई कारण बता रहे हैं। अधिकारी का कहना है कि अभी तक जहां आयोग के अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों की नियुक्ति नहीं की गई है, वहीं स्टॉफ की भी कमी है। इसके अलावा लंबित प्रकरणों की संख्या भी ज्यादा है। कई प्रकरण में जांच के लिए दूसरे जिलों में टीम भी जाती है। इसके अलावा कई प्रकरणों में कभी आवेदक तो कभी अनावेदक सुनवाई में नहीं पहुंच पाते। इसके कारण सुनवाई की तारीख आगे बढ़ानी पड़ती है। इन सभी कारणों से प्रकरणों का निराकरण करने में दिक्कत आ रही हैं।




## कोंडागांव के 70 किसान डेढ़-दो साल से कर रहे न्याय का इंतजार

कोंडागांव जिले के लगभग 70 किसान पिछले डेढ़-दो साल से मक्का फसल की राशि का भुगतान नहीं होने से परेशान हैं। इन किसानों ने अपने खेतों में लगी मक्का फसल को काटने के बाद उस क्षेत्र के एक व्यापारी को बेचा था, जिसका भुगतान नहीं होने पर किसानों ने पहले जिला कलेक्टर और फिर अनुसूचित जनजाति में शिकायत की थी। आयोग में शिकायत किए भी लगभग डेढ़ से दो वर्ष हो चुका है, लेकिन अभी तक किसानों को न्याय नहीं मिल पाया है। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में राजनांदगांव जिले के रहने वाली एक महिला भी करीब एक साल से न्याय की उम्मीद लिए आयोग से लेकर क्षेत्र के तहसील कार्यालय का चक्कर काट रही है। इस महिला ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि आयोग में जमीन फर्जीवाड़ा से संबंधित शिकायत की है। इस शिकायत पर उसके प्रकरण में सुनवाई भी हुई, जिसमें आयोग ने संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारी से जमीन से संबंधित दस्तावेज भी मांगे हैं, लेकिन अधिकारी द्वारा दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इसके कारण उसे न्याय भी नहीं मिल पाया है।

### अनुसूचित जाति आयोग में भी थोक में प्रकरण लंबित

अनुसूचित जाति आयोग में भी थोक में लंबित प्रकरण हैं। इन प्रकरणों में भी नियमित सुनवाई नहीं हो पा रही है, जिसके कारण इस वर्ग के लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है।अनुसूचित जाति आयोग में भी अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त हैं। इस आयोग के सचिव संकल्प साहू के पास छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का प्रभार भी है। एक व्यक्ति को दो आयोग का प्रभार मिलने के कारण भी अनुसूचित जाति आयोग में सुनवाई नियमित नहीं हो पा रही है।

### स्टॉफ की कमी के कारण काम प्रभावित

आयोग में स्टॉफ की कमी है। इसके कारण काम प्रभावित हो रहा है। अभी तक अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों की नियुक्ति भी नहीं हुई है।

- एमके भुवाल
सहायक अनुसंधान अधिकारी
अनुसूचित जनजाति आयोग

## खबर संक्षेप



### वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रायपुर।** तेरेसियन अकादमी बोरियाखुर्द में शनिवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एथोरा-2025 में नैतिक मूल्यों तथा कौशल पर आधारित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। साथ ही प्री-प्राइमरी से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने अनेक उत्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही कई कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, विशिष्ट अतिथि प्रोविंशियल सुपीरियर, मिड इंडिया सिस्टर डायन चेट्टूर, अतिथि पार्षद सुषमा तिलक साहू की अगवानी स्कूल बैंड द्वारा गई। कार्यक्रम में अर्पण बरवा, जोली जोस, जगरानी, आशा एक्का, सुरेश टंडन, सेलीन कुरियन और विद्यार्थी शामिल थे।

### पीएससी में चयनित अधिकारियों का अभिनंदन समारोह आज

**रायपुर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध प्रांत के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में अध्ययन करने वाले 21 छात्र-छात्राएं छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 की परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर विभिन्न प्रशासनिक पदों पर चयनित हुए हैं। विद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए सरस्वती शिक्षा संस्थान रोहिणीपुरम रायपुर के सभागार में 7 दिसंबर को शाम 4 बजे अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है।

### पदभार ग्रहण समारोह में मेनन का किया स्वागत



**रायपुर।** सृजन कार्यक्रम के तहत नवनियुक्त शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के पदभार ग्रहण समारोह में नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन का कार्यकर्ताओं ने बड़ी गर्मजोशी से पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रमुख रूप से कांग्रेस के पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष संजय सोनी, सत्तू सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शहर और ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्षों ने संभाला पदभार

# भूपेश बोले- नया संगठन छत्तीसगढ़ की राजनीति को नई दिशा देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस भवन गांधी मैदान में शनिवार को शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन एवं ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के पदभार ग्रहण समारोह में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश के प्रभारी सह सचिव विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा और डॉ. शिवकुमार डहरिया मौजूद थे। कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं ने अपने नए नेता का स्वागत किया। इस दौरान शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गिरीश दुबे एवं ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा को उनके सफल कार्यकाल के लिए वरिष्ठ नेताओं द्वारा सम्मानित किया गया।

पदभार ग्रहण समारोह में पहुंचे पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, आज जो नया संगठन सृजित हुआ है, वह आने वाले समय में छत्तीसगढ़ की राजनीति को नई दिशा देगा। कार्यकर्ताओं का उत्साह यह साबित करता है कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस और मज़बूती से संघर्ष करेगी। यह लड़ाई सत्ता की नहीं, जनता के सम्मान और अधिकारों की है। नए अध्यक्षों के नेतृत्व में संगठन हर बूथ पर और मजबूती से खड़ा होगा। प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा, कांग्रेस की ताकत हमारे समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन सृजन का उद्देश्य ही यही है कि उन्हें एकजुट कर सक्रियता को बढ़ाया जाए। भाजपा सरकार जनता को गुमराह कर रही है, लेकिन सत्य को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कांग्रेस निभाएगी। आज दिखाई दे रहा कार्यकर्ताओं का जोश आने वाले संघर्ष की सीधी घोषणा है।



**ये रहे मौजूद** इस दौरान कार्यकर्ताओं में भरी जोश और उत्साह देखने को मिला। कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस भवन गांधी मैदान के सामने ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते नजर आए। कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आतिशबाजी भी की गई। पदभार ग्रहण समारोह में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, प्रतिमा चंद्राकर, राजेंद्र तिवारी, विकास उपाध्याय, अनीता शर्मा, प्रमोद दुबे, नंदलाल देवांगन, डोमेश्वरी वर्मा, प्रवीण साहू, ज्ञानेश शर्मा, आकाश शर्मा, आकाश तिवारी, महेंद्र छाबड़ा, सुरेश ठाकुर, सलाम रिजवी, सूर्यमणि मिश्रा, दीपक दुबे, ममता राय, दीप्ति दुबे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हर कार्यकर्ता संगठन को करेगा मजबूत

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने संबोधित करते हुए कहा, नए अध्यक्षों के पदभार ग्रहण के साथ कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। यह सिर्फ पद ग्रहण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध नए संघर्ष की शुरुआत है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अब गांव–गांव, वार्ड–वार्ड जाकर संगठन को मजबूत करेगा और जनता की आवाज़ बनेगा।

### यह नियुक्ति कांग्रेस के मूल स्वरूप को बदलेगी : टीएस

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, कांग्रेस का संगठन तभी मजबूत होता है, जब वह कार्यकर्ताओं की भागीदारी और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़े। आज पदभार ग्रहण के इस अवसर पर जिस प्रकार कार्यकर्ताओं में उत्साह और विश्वास दिखाई दे रहा है, वह आने वाले संघर्षों की दिशा तय करता है। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हमारी लड़ाई व्यापक और अडिग है। संगठन सृजन के इस नए दौर में हम सब मिलकर एकजुटता, सक्रियता और संघर्ष की उस परंपरा को आगे बढ़ाएंगे, जिसने कांग्रेस को हमेशा जनता के बीच मजबूत बनाया है। यह नियुक्ति कांग्रेस के मूल स्वरूप को बदलने वाली है।

### नए अध्यक्ष संगठन को नई दिशा देंगे : शर्मा

पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, संगठन तब मजबूत होता है जब कार्यकर्ता उसमें विश्वास के साथ जुड़ें। आज यहां उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साह दर्शाता है कि कांग्रेस की संघर्ष यात्रा और तेज़ होगी। भाजपा सरकार के अत्याचारों के खिलाफ हमारी एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत है। नए अध्यक्ष निश्चित रूप से संगठन की मजबूती को नई दिशा देंगे।

### संगठन की सक्रियता व एकजुटता आवश्यक : डहरिया

पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया ने कहा, कांग्रेस का इतिहास संघर्षों से भरा है और आज का यह उत्साह बताता है कि हमारे कार्यकर्ता फिर से पूरी ताकत के साथ मैदान पर उतर चुके हैं। भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों से जनता परेशान है। ऐसे समय में संगठन की सक्रियता और एकजुटता अत्यंत आवश्यक है। हम सब मिलकर इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक पहुंचाएंगे।

## परिवहन मंत्री ने किया आईडीटीआर का निरीक्षण



ड्राइविंग ई-ट्रैक में चालकों के कौशल परीक्षण की प्रक्रिया का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को नवा रायपुर स्थित आईडीटीआर (इंस्टिट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च) तेंदुआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिवहन सचिव एस. प्रकाश, संयुक्त परिवहन आयुक्त यूबीएस चौहान और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्री श्री कश्यप को आईडीटीआर के संचालन, प्रशिक्षण व्यवस्था, ऑटोमोबाइल लैब और वाहन सिमुलेटर के माध्यम से दिए जा रहे प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने क्लासरूम एवं लैब प्रशिक्षण के साथ ही ड्राइविंग ई-ट्रैक में चालकों के कौशल परीक्षण की प्रक्रिया का भी अवलोकन कराया। इस दौरान मोटरसाइकिल और भारी वाहनों के माध्यम से ड्राइविंग टेस्ट का प्रदर्शन किया गया। मंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से प्रशिक्षण के लिए आए वाहन चालकों से चर्चा की। चालकों ने बताया कि यहां उन्हें वाहन संचालन के साथ बुनियादी तकनीकी ज्ञान, ड्राइविंग कौशल में सुधार और मोटरयान अधिनियम एवं नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा, राज्य शासन के विभिन्न विभागों में ड्राइवर भर्ती प्रक्रिया के दौरान ड्राइविंग परीक्षण आईडीटीआर के माध्यम से कराए जाएं, ताकि उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं का उपयोग करते हुए कुशल वाहन चालकों का चयन सुनिश्चित किया जा सके।

**वाहन चालकों को प्रशिक्षण और रीफ्रेशर कोर्स के लिए प्रेरित करें**
मंत्री ने परिवहन अधिकारियों को निर्देशित किया कि रायपुर और आसपास के जिलों के अधिक से अधिक वाहन चालकों को प्रशिक्षण और रीफ्रेशर कोर्स के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा, मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन के कारण जिन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जा रहे हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से आईडीटीआर में प्रशिक्षण दिलाया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल बस चालकों के नियमित प्रशिक्षण और रिफ्रेशर कोर्स को अनिवार्य रूप से निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए।

## जितना समितियों से कर्ज, उतना ही धान ले रही सरकार : आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम आदमी पार्टी ने महासमुंद के किसान द्वारा 3 दिन तक धान बेचने के लिए टोकन ना मिलने पर सांस की नली काटकर आत्महत्या की कोशिश को दुर्भाग्यजनक बताया है।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश के किसानों का सरकार धान खरीदना नहीं चाह रही है। टोकन के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे किसानों में चिंता बनी हुई है। प्रदेश में ज्यादातर किसानों का रकबा ही काट दिया गया है, कुछ किसानों का रकबा जहां 10 एकड़ था, वहां काटकर एक एकड़ ही कर दिया गया है। कहीं बारदाना नहीं है तो कहीं कांटा तक सरकार उपलब्ध नहीं करा पा रही है। ज्यादातर समितियों में किसानों द्वारा जितना कर्ज लिया गया है, सिर्फ उतनी ही कीमत का धान खरीदा जा रहा है।

**रकबा संशोधन को लेकर भी आपत्ति**
वहीं प्रदेश महासचिव सूरज उपाध्याय ने कहा कि सरकार धान खरीदी में पूरी तरह फेल हो चुकी है। प्रदेश की साय सरकार किसान विरोधी सरकार है, प्रदेश के किसानों को सरकार ने सिर्फ छला है। उसे किसानों की चिंता नहीं है। प्रदेश के नेता-मंत्री सिर्फ कार्यक्रमों में ही मस्त हैं। इसके पूर्व भी रकबा संशोधन को लेकर पार्टी ने विरोध जताया था। पार्टी कार्यकर्ताओं के मुताबिक, रकबा संशोधन मनमाने तरीके से किया गया है। इसके दुष्परिणाम भी किसानों को भुगतना पड़ रहा है। पार्टी ने कहा है कि यदि सरकार ने शीघ्र ही किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया तो उनके द्वारा क्रमबद्ध आंदोलन किए जाएंगे।

### कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक में बनी रणनीति हर माह बूथ, ब्लॉक और मंडल की होंगी बैठकें

# बिजली दर, धान खरीदी, जमीन गाइड लाइन और मनरेगा पर कांग्रेस करेगी विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नवनियुक्ति जिला अध्यक्षों की बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुई। बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने नए जिला अध्यक्षों को मार्गदर्शन दिया। कांग्रेस ने सरकार को घेरने की रणनीति और संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार की।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, डॉ. शिवकुमार डहरिया, प्रभारी सचिव जरिता लेतफ्लांग, विजय जांगिड़ भी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बैठक के बाद कहा, चार मुद्दों पर सरकार को घेरने की सहमति बनी है। इन मुद्दों पर सरकार के खिलाफ प्रदेश स्तरीय बड़ा प्रदर्शन होगा। इन मुद्दों में बढ़ी हुई बिजली दर, धान खरीदी में आ रही दिक्कत, जमीन गाइड लाइन रेट और मनरेगा में ठप काम को लेकर भी प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा। बैठक में नवनियुक्त जिला एवं शहर कांग्रेस अध्यक्षों का स्वागत, मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति पर चर्चा एवं समीक्षा की गई। नई दिल्ली में 14 दिसंबर को आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली में सहभागिता, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर मासिक बैठक करने, संगठन की मजबूती के लिए आगामी रणनीति एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई।



### अध्यक्षों से बोले बैज-सामंजस्य बनाकर काम करें

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, देश में पहली बार संगठन सृजन का काम हुआ है। आलाकमान ने आप सभी पर भरोसा जताया है। उस पर खरे उतरना है। एआईसीसी और पीसीसी के निर्देशों का पालन करते हुए सबकी सक्रियता जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी को सामंजस्य बनाकर काम करना है। सभी जिलों में सोशल मीडिया टीम बनाना, प्रकोष्ठ की नियुक्ति करना है, एसआईआर को भी प्राथमिकता में लें।

### एकता, संघर्ष और शांति के लिए मिली जवाबदारी : महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, संगठन सृजन का काम अच्छे से चला। आपको सभी प्रकोष्ठ में महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस के साथ मिलकर काम करना है। जिला स्तर पर सेवादल को मजबूत करना है। हम सबकी जवाबदारी है कि कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी की बात को जनता तक ले जायें। एकता, संघर्ष और शांति के लिए आपको जवाबदारी मिली है। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी का देश-प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने का सपना है।

**16 दिसंबर को प्रारंभिक प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति ली जाएगी**

## एसआईआर में डिजिटलाइजेशन लगभग पूर्ण, अब सूची बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी 2026 के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ द्वारा प्रदेशभर में घर-घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का संग्रहण एवं डिजिटलाइजेशन कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। अब तक प्रदेश में लगभग 2 करोड़ 11 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो कुल 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 पंजीकृत मतदाताओं का लगभग 99.50 प्रतिशत है।

छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के लिए मतदाता सूचियों के एसआईआर अभियान को गति मिल रही है। चुनाव आयोग के निर्देश पर 4 नवंबर से चल रहे इस कार्य में बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर मतदाताओं के गणना प्रपत्र एकत्र किए जा रहे हैं। दरअसल, 4 नवंबर से एसआईआर की शुरुआत के बाद से बीएलओ डोर-टू-डोर पहुंचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। इन पत्रों में वर्तमान मतदाता सूची की जानकारी पहले से दर्ज होती है, जिसमें मतदाता का नाम, पता, उम्र, फोटो और अन्य विवरण शामिल किया जा रहा है। इसके अलावा नए नाम जोड़े जा रहे हैं। वहीं त्रुटियों में सुधार किया जा रहा है, ताकि वोटर लिस्ट पूरी तरह सटीक और पारदर्शी बन सके।



### रायपुर दक्षिण-अभनपुर-आरंग, धरसींवा में 100% एसआईआर

रायपुर जिले में एसआईआर कार्य अंतिम चरण पर है। अब तक जिलेभर में कुल 189252 मतदाताओं को फॉर्म वितरण किया गया है, जिनमें से 1891451 मतदाताओं का डिजिटलाइजेशन हो गया है।

### विधानसभावार फार्म वितरण डिजिटलाइजेशन का विवरण

| | फार्म वितरण | ऑनलाइन |
|---|---|---|
| धरसींवा | 250611 | 250611 |
| रायपुर ग्रामीण | 379270 | 379220 |
| रायपुर पश्चिम | 306916 | 306095 |
| रायपुर उत्तर | 255454 | 205255 |
| रायपुर दक्षिण | 278163 | 278163 |
| आरंग | 249024 | 249024 |
| अभनपुर | 223085 | 223085 |

**लापता/गुमशुदा**



**नाम - कु. भारती पंकज**
उम्र- 49 वर्ष/ ऊंचाई 5 फीट 2 इंच, रंग- गेहूंआ। जो कि दिनांक 03/12/2025, दिन बुधवार को 11:00 बजे किसी को बिना बताये घर से निकल गई है। जो कि मानसिक रूप से अस्वस्थ है। जिस किसी भी सज्जन को मिले या दिखाई दे। कृपया निम्न पते पर पहुंचाने की कृपा करें या सूचित करें।
**दिनेश कुमार पंकज**
पता- म.न. D/12, नियर आइडिया टॉवर, सिंचाई कालोनी गेट के पास, त्रिवेणी विहार, लालपुर रायपुर (छ.ग.)
पिन- 492001
मो.नं.-9755312323

**AFFIDAVIT FOR CHANGE IN NAME/DEED POLL/SWORN AFFIDAVIT**
By this deed I, the undersigned I, SHEKHAR (NEW NAME) Previously called - SHEKHAR VIRMANI, (OLD NAME) OCCUPATION-BUSINESS Presently Residing at -J-503, RAHEJA RESIDENCY, OPP. SAINT XAVIER SCHOOL, AVANTI VIHAR ROAD, RAIPUR PO. RAIPUR, TAHSIL& DIST. RAIPUR, CHHATTISGARH 492001, INDIA solemnly declare :-
1. That for and on behalf of myself and my Wife, children and remitter issue, I wholly renounce/relinquish and abandon the use of my former name/surname of SHEKHAR VIRMANI and in place thereof, I do hereby assume from this date my name/surname - SHEKHAR so that I and my Wife, children and remitter issue may hereafter be called, known and distinguished not by my former name/surname, but assumed my name/surname of SHEKHAR.
2. That for the purpose of evidencing such my determination declare that I shall at all times hereafter in all records, deeds and writings and in all proceedings, dealings and transactions, private as well as upon all occasions whatsoever, use and sign the name of my SHEKHAR as my name/surname in place and in substitution of my former name/surname.
3. That I expressly authorize and request all persons in general and relatives and friends in particular, at all times hereafter to designate and address me, my Wife, my children, and remitter issue by such assumed my name/surname SHEKHAR.
4. In witness whereof I have hereunto subscribed my former and adopted my name/surname of SHEKHAR VIRMANI and SHEKHAR affix my signature and seal, if any, this 4th day of December, 2025.
DATE: 04/12/2025
Signed, Sealed and delivered by the above name Former Name: SHEKHAR VIRMANI

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला रायपुर तहसील अभनपुर प.ह.न. - 00028 गातापार ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202526441630400009
**//ईश्तहार//**
तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00028 के अंतर्गत ग्राम गातापार के वर्तमान भूमिस्वामी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग क्रमांक 04 सेजबहार रायपुर आवास गातापार अभनपुर पिता/पति - दीनदयाल आवास गातापार अभनपुर पता सेजबहार रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 483/1 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता तिलक कुमार साहू पिता/पति भीखम लाल साहू पता- एच/06, हाउसिंग बोर्ड कालोनी पुलिस लाईन रायपुर के नाम पर पंजीयन /फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2025 को जारी किया जाता है।
मुहर
तहसीलदार : SITA SHUKLA
तहसील अभनपुर

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः जिला रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.न.-00028 गातापार ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD202526441630400007
**ईश्तहार**
तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00028 के अंतर्गत ग्राम गातापार के वर्तमान भूमिस्वामी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग क्रमांक 04 सेजबहार रायपुर आवास गातापार अभनपुर पिता/पति-दीनदयाल आवास गातापार अभनपुर पता-सेजबहार रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 483/1(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गोपीकिशन नेताम पिता/पति-बौधसिंह नेताम पता-धमतरी रोड पुलिस लाईन रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2025 को जारी किया जाता है।
मुहर
तहसीलदार: SITA SHUKLA
तहसील - अभनपुर



## अग्निवीरों के स्वागत के लिए पूरा गांव उमड़ा

रायपुर। राजधानी से लगे ग्राम सारखी के मंगल धीवर के दोनों सुपुत्रों का अग्निवीर में चयन हुआ। ट्रेनिंग के बाद पहली बार गांव आने पर पूरे गांववालों ने उनके स्वागत में पलक पांवड़े बिछा दिए थे। मुख्य मार्ग में गांव तक बाजे-गाजे एवं फूलों से लाद दिया गया था। पूरे गांव में हर्ष का माहौल था। महिलाएं आरती उतारकर स्वागत कर रही थीं। इस मौके पर कुसुम ताई दाबके विधि महाविद्यालय के प्रिंसिपल सैयद जाकिर अली, हाजी सैय्यद हशमत अली, हाजी अब्दुल हाफिज बाबा भाई और जाकिर घुरसेना भी मौजूद रहे। उन्होंने भी फूलों का हार पहनाकर अग्निवीरों का स्वागत किया।

## निधन

### आभा मिश्रा



रायपुर। रायपुर निवासी आभा मिश्रा (68) का 6 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे चंद्रप्रकाश मिश्रा की पत्नी थीं।

### वसंत जकाते



रायपुर। कोटा कॉलोनी निवासी वसंत जकाते का 6 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे वीणा जकाते के पति, विजय एवं डॉ विनायक जकाते के बड़े भाई, वृषाली देशमुख और मैथिली पात्रिकर के पिता थे।

### इचरज बाई कर्णावट



रायपुर। रायपुर निवासी इंचरज बाई कर्णावट का 6 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. हस्तीमल कर्णावट की पत्नी और सुनील कर्णावट की माता, डॉ अनिल कर्णावट की बड़ी मां थीं।

# 3 स्थानों पर कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल निर्माण कार्य शुरू

## श्रीजी कृपा कंपनी के साथ अनुबंध, निर्माण के लिए 18 माह की समय सीमा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महानगर की तर्ज पर अब राजधानी रायपुर में कामकाजी महिलाओं के रहने के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती आवास की सुविधा मिलेगी। रायपुर नगर निगम शहर के 3 स्थानों पर वर्किंग विमेंस हॉस्टल का निर्माण कराने जा रहा है। टिकरापारा के नरैया तालाब के पास, समता कालोनी के भैंसथान क्षेत्र और पंडरी पुराना बसस्टैंड वाली जमीन पर यह हॉस्टल बनेगा। नगर निगम के लोककर्म शाखा ने ऑनलाइन टेंडर कर श्रीजी कृपा कंपनी को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है। वर्कआर्डर के बाद अनुबंधित एजेंसी ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। 18 माह की समय अवधि में 3 स्थानों पर कामकाजी महिलाओं के लिए सर्व सुविधा युक्त हॉस्टल बनकर तैयार हो जाएगा।

### कामकाजी महिलाओं को मिलेगी राहत



नगर निगम के एक सर्वे के मुताबिक सरकारी विभागों में काम करने वाली करीब 8 हजार महिलाएं शहर में किराये के मकानों में रह रही हैं, वहीं निजी संस्थानों में काम करने वाली महिलाओं की संख्या इससे बहुत ज्यादा है। आर्थिक रूप से सक्षम महिलाएं शहर के भीतर, पॉश कालोनी और सुरक्षित स्थानों पर मकान किराये पर लेकर रह जाती हैं, लेकिन कम आय वाली महिलाओं को सुरक्षा और सुविधाओं से समझौता करना पड़ रहा है। इन्हीं दिक्कतों को दूर करने के लिए राजधानी में अग्रसेन चौक के पास, टिकरापारा इलाके में नरैया तालाब के समीप और पंडरी में वर्किंग विमेन हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा है। इसके बनने से कामकाजी महिलाओं को काफी हद तक राहत मिलेगी।

### फुंडहर का हॉस्टल शहर से दूर से इसलिए 7 साल से खाली

7 साल पहले रायपुर नगर निगम ने 11 करोड़ खर्च कर शहर के आउटर में स्थित फुंडहर में वर्किंग विमेंस हॉस्टल का निर्माण कराया, पर शहर से दूर होने की वहज से इस हॉस्टल में कभी कोई महिला रहने ही नहीं गई, बिल्डिंग सालों से खाली पड़ी रही। पिछली सरकार ने इस हॉस्टल के बड़े हिस्से को राज्य योग आयोग को उपयोग के लिए दिया था।

### महिला स्वावलंबन को मिलेगा बढ़ावा

कामकाजी महिलाओं के लिए शहर में सुरक्षित व किफायती आवास की समस्या एक अरसे से रही है। हमने अपने कार्यकाल के पहले निगम बजट में महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने 3 स्थानों पर कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल निर्माण का प्रोजेक्ट लाया है। नई बिल्डिंग का निर्माण होने के बाद पीपीपी मोड पर इसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

- ***मीनल चौबे**, महापौर, रायपुर नगर निगम*

दरअसल, नगर से महानगर में तब्दील हो रहे राजधानी रायपुर में कामकाजी महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। राज्य के छोटे-छोटे शहरों के साथ मेट्रो की महिलाएं भी यहां आकर प्राइवेट व सरकारी विभागों में काम कर रही हैं। उनके रहने के लिए रायपुर में सरकारी स्तर पर एक भी वर्किंग विमेंस हॉस्टल नहीं है। इसीलिए इनकी जरूरतों को देखते हुए शहरी सरकार ने शहर के भीतर 3 बड़े हॉस्टल एक साथ बनाने अनुबंधित एजेंसी को जिम्मा दिया है। इस पर 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रायपुर नगर निगम को केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने विशेष पूंजीगत सहायता के तहत राशि मंजूर की है।

# फ्लाइट के यात्रियों के लिए सहारा बना रेलवे

# रायपुर से आज मुंबई-दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देशभर में फ्लाइट संचालन बाधित होने का असर राजधानी रायपुर में भी देखने को मिल रहा है। कई रूट्स पर फ्लाइट के किराए में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी संकट के बीच भारतीय रेलवे ने राहत देते हुए रायपुर से दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन रायपुर से शहडोल, फिर झांसी, आगरा, मथुरा जंक्शन होते हुए हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन तक जाएगी। सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी ने बताया कि यात्रियों की लगातार बढ़ रही मांग को देखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जिससे हजारों यात्री कन्फर्म टिकट के साथ सफर कर सकेंगे। गौरतलब है कि फ्लाइट सेवा बाधित होने के बाद रायपुर से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को भारी असुविधा हो रही थी। शनिवार को रायपुर से दिल्ली, मुंबई और कोलकाता की ट्रेनों में भी भारी भीड़ देखी गई थी। रेलवे का यह कदम ऐसे समय में यात्रियों के लिए बड़ी राहत बनकर आया है।

- **महानगरों की फ्लाइट सेवा प्रभावित होने से दिल्ली मुंबई के लिए ट्रेन में सफर करने बढ़ी थी मांग**

### मुंबई के लिए स्पेशल ट्रेन आज रायपुर आएगी

रेल प्रशासन ने यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए हावड़ा–सीएसएमटी–हावड़ा के बीच एक-एक फेरा चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 02870 06 दिसम्बर (शनिवार) को हावड़ा से 13:55 बजे रवाना हो चुकी है। आज यह ट्रेन रायपुर 03.15 बजे रायपुर पहुंचेगी। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया समेत निर्धारित स्टेशनों पर ठहराव के बाद यह ट्रेन अगले दिन 23:45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। 8 दिसम्बर (सोमवार) को सीएसएमटी से 11:05 बजे चलेगी। निर्धारित ठहरावों के बाद यह ट्रेन अगले दिन 20:55 बजे हावड़ा पहुंचेगी।



### फ्लाइट रद्द होने के बाद अब ट्रेन बना अंतिम विकल्प

बीते दिनों लगातार फ्लाइट रद्द होने से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों ने वैकल्पिक साधनों की तलाश शुरू की, लेकिन बसों में भी किराए बढ़ने लगे। ऐसे में रेलवे द्वारा चलाई गई स्पेशल ट्रेन लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर आई है। शनिवार रात 8 बजे तक ट्रेन की 50 प्रतिशत से अधिक सीटें बुक हो चुकी थीं। रेलवे ने बेहद कम समय में यह सुविधा उपलब्ध कराते हुए यात्रियों को राहत दी है।

### आज दुर्ग–हज़रत निज़ामुद्दीन के बीच एक फेरे की स्पेशल ट्रेन

शीतकालीन सीज़न में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने दुर्ग–हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 08760 दुर्ग–हज़रत निज़ामुद्दीन स्पेशल 7 दिसंबर (रविवार) को दुर्ग से 10:45 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, सागर, झांसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन और पलवल स्टेशनों पर ठहरकर अगले दिन 11:10 बजे निज़ामुद्दीन पहुंचेगी। 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन–दुर्ग स्पेशल 08 दिसम्बर (सोमवार) को निज़ामुद्दीन से 12:30 बजे चलेगी। निर्धारित ठहरावों के बाद यह ट्रेन अगले दिन 15:00 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

### स्पेशल ट्रेन में मिलेगी 18 कोच की सुविधा

08760 दुर्ग-हज़रत निज़ामुद्दीन स्पेशल ट्रेन 07 दिसंबर को दुर्ग से 10.45 बजे रवाना होगी जो कि रायपुर स्टेशन आगमन 11.20 बजे, प्रस्थान 11.25 बजे, उसलापुर स्टेशन आगमन 13.20 बजे, प्रस्थान 13.30 बजे, पेंड्रा रोड स्टेशन आगमन 14.55 बजे प्रस्थान 14.57 बजे , अनूपपुर आगमन 15.35 बजे प्रस्थान 15.40 बजे, शहडोल स्टेशन आगमन 16.15 बजे प्रस्थान 16.17 बजे, उमरिया स्टेशन आगमन 17.09 बजे प्रस्थान 17.11 बजे, कटनी मुरवारा स्टेशन आगमन 18.40 बजे प्रस्थान 18.50 बजे ,दमोह स्टेशन आगमन 20.20 बजे प्रस्थान 20.22 बजे, सागर स्टेशन आगमन 21.25 बजे प्रस्थान 21.30 बजे , झाँसी स्टेशन आगमन 01.55 बजे प्रस्थान 02.05 बजे, आगरा कैंट स्टेशन आगमन 06.35 बजे प्रस्थान 06.40 बजे एवं हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन दिनांक 8 दिसंबर 2025 को 11.10 बजे पहुचेंगी । गाड़ी संख्या 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन–दुर्ग पूजा स्पेशल ट्रेन 8 दिसंबर 2025 को हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से 12.30 बजे रवाना होगी। इस ट्रेन में विभिन्न श्रेणी के कुल 18 कोच की सुविधा उपलब्ध है।

## पेज 11 के शेष ...

### कम नहीं हुई ...

का पता चला। अपनी बिगड़ी चाल की वजह से लेट से आई फ्लाइट का इंतजार करने वाले यात्रियों की वजह से एयरपोर्ट में काफी संख्या में यात्रियों की भीड़ लगी रही। चार दिनों से विमानों का शेड्यूल बिगड़ने की वजह से उनमें व्यवस्था के प्रति नाराजगी दिखी।

### ड्रग नेटवर्क के ....

पुलिस ने कबीर नगर, आमानाका, सरस्वती नगर एवं आजाद चौक थाना क्षेत्र में संचालित ड्रग नेटवर्क से जुड़े पैडलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उसके मुताबिक पूर्व में कुछ सीमित बड़े सप्लायर पंजाब से मादक पदार्थ मंगाकर आपूर्ति करते थे। वहीं अब गिरोह के विघटन के बाद कई छोटे नेटवर्क तैयार कर पंजाब जाकर कम मात्रा में चिट्टा लाकर स्थानीय स्तर पर खपा रहे थे। स्थानीय ड्रग पैडलरों का पंजाब के कई बड़े ड्रग पैडलरों के साथ सीधा संपर्क था, जो पाकिस्तान के ड्रग नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।

***फरार संदिग्धों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा :*** शुक्रवार रात सरस्वती नगर पुलिस डीडीयू ऑडिटोरियम रोड से संदिग्ध 4 ड्रग पैडलर को गिरफ्तार कर थाने लाई थी, अगले दिन मौका पाकर दो संदिग्ध पुलिस को चकमा देकर लॉकअप से फरार हो गए। खोजबिन करने के बाद पुलिस ने दोनों संदिग्धों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है।

### कमलेश अरोड़ा उर्फ ....

बगेल सिंह नेटवर्क बगेल सिंह पंजाब से चिट्टा लाकर उसे छोटे-छोटे खेपों में स्थानीय पैडलरों को सप्लाई करता था। वह पूर्व में रायपुर में ड्राइवरी का कार्य करता था तथा स्वयं का नेटवर्क विकसित करने का प्रयास कर रहा था। बगेल सिंह के कब्जा से पुलिस ने 51.85 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। ***आयुष दुबे नेटवर्क :*** आयुष दुबे पूर्व में सुवीत श्रीवास्तव एवं पिंडर गिरोह से चिट्टा खरीदता था। बाद में उसने चिट्टा से मिलने वाले लाभ को देखते हुए स्वयं पंजाब जाकर मादक पदार्थ लाकर स्थानीय स्तर पर विक्रय प्रारंभ किया। इस नेटवर्क में मृत्युंजय, तन्मय, खिनावन एवं सोनू साहू आर्थिक सहयोगी के रूप में शामिल थे, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। इस नेटवर्क से कुल 31.66 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) जप्त किया गया। ***गगनदीप सिंह नेटवर्क :*** गगनदीप सिंह टियर-2 सप्लायर के रूप में कार्य करते हुए बड़ी मात्रा में चिट्टा खरीदकर छोटा पैकेट बनाकर बेचता था। उसे 15.18 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### कैल्शियम सिरप की ....

कि आज देविका ने जब बोतल का ढक्कन खोला, तो उसमें से चिपचिपी वस्तु निकली, जिसके मांस होने का संदेह जताया गया। देविका अपने पति कृष्णा साहू और अन्य लोगों के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। उन्होंने चिकित्सकीय स्टाफ के सामने सिरप में मांस होने का शक जताया। इसे लेकर वहां हंगामा हो गया। मामले की शिकायत पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी ने जांच का आदेश दिया है। जानकारों का कहना है कि सामान्य सिरप से अधिक गाढ़ा रहने वाली कैल्शियम की सिरप ठंड के मौसम में जम गई होगी। इसमें किसी तरह की अन्य वस्तु होने से इनकार किया गया है।

### लौटी ठंड, माना ....

इसका व्यापक असर हुआ है। सीमावर्ती इलाके मैनपाट में सुबह-सुबह पाला जम रहा है और दिनभर कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं मध्य इलाके में भी ठंड का बढ़ता प्रभाव महसूस हो रहा है और बस्तर में इसका मध्यम है। पिछले चौबीस घंटे में तापमान में गिरावट होने की वजह से माना में शीतलहर के हालात बन गए। खुला इलाका होने की वजह से वहां का पारा सामान्य से पांच डिग्री नीचे चला गया है। इसी तरह शहरी इलाके में ठंड बढ़ी है और तापमान दो डिग्री नीचे जाने से यहां भी ठंड महसूस होने लगी। अगले दो दिन ठंड का ज्यादा असर होने के बाद इसमें गिरावट आने के आसार हैं, क्योंकि हवा की दिशा में पुनः बदलाव होगा।



# एमडी-एमएस की सीटों के लिए पुनः आवेदन, संशोधन के बाद 180 सीटों पर मिलेगा संस्थागत आरक्षण का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


मेडिकल पीजी प्रवेश के नियम में संशोधन के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमडी-एमएस की सीटों पर पुनः आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की है। इसके लिए 8 दिसंबर तक का वक्त दिया गया है और पुराने आवेदकों को फिर से च्वाइस फीलिंग करने कहा गया है। नियम में किए गए संशोधन के आधार पर अब राज्य कोटे की कुल 405 सीटों में से करीब 180 सीटों पर संस्थागत आरक्षण का लाभ मिलेगा। इसके अलावा पहले राउंड के बाद अगर अभ्यर्थी आवंटित सीटों पर प्रवेश नहीं लेते, तो पंजीयन शुल्क जब्त किया जाएगा।

राज्य के सात शासकीय और तीन निजी मेडिकल कालेजों में पीजी की सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जानी है।

## पुराने आवेदकों को पुनः करना होगा च्वाइस फीलिंग, अंतिम तिथि 8 दिसंबर

### पहले 50 फीसदी स्थानीय को

पूर्व के नियम में शासकीय कालेज की 50 फीसदी सीट राज्य कोटे की होती थी और शेष सीटों पर ऑल इंडिया कोटे के अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाता था। वहीं निजी कालेजों में 15 फीसदी सीट एनआरआई कोटे की होती थी और बाकी सीट राज्य की मानी जाती थी। इन सीटों पर प्रवेश के दौरान स्थानीय छात्रों को प्रवेश का मौका दिया जाता था। इस बार नियम में बदलाव किया गया है।



### मेडिकल कालेजों में पीजी की सीट

| कालेज | कुल | राज्य कोटा |
|---|---|---|
| रायपुर | 146 | 74 |
| बिलासपुर | 89 | 42 |
| जगदलपुर | 28 | 15 |
| नांदगांव | 18 | 9 |
| अंबिकापुर | 46 | 23 |
| रायगढ़ | 40 | 20 |
| कोरबा | 13 | 7 |
| रिम्स | 63 | 54 |
| शंकराचार्य | 101 | 86 |
| बालाजी | 86 | 82 |

डोमिसाइल आधार पर आरक्षण के मामले में हाईकोर्ट के फैसले के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नियम में संशोधन किया है। इसके तहत राज्य कोटे की कुल सीटों को दो हिस्सों में बांटकर इसमें संस्थागत आरक्षण और ओपन मेरिट पर एडमिशन देने का नियम बनाया गया है।

एडमिशन के लिए शनिवार से पुनः आवेदन शुरू किया गया, जो 8 दिसंबर तक पूरी किया जाएगी। राज्य के दसों मेडिकल कालेज में एमडी-एमएस की कुल 405 सीटें हैं, जिसमें से लगभग 180 सीटें संस्थागत आरक्षण में उपयोग होंगी। यानी इन सीटों में आयुष विवि के लिए एनएमसी से मान्य चिकित्सा महाविद्यालयों से एमबीबीएस करने वालों को एडमिशन दिया जाएगा। शेष सीटों पर प्रवेश ओपन मेरिट आधार पर यानी राज्यस्तरीय सूची से किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**रायपुर।** आकांक्षा इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट एवं हीरा ग्रुप की सीएसआर पहल के अंतर्गत 3 से 6 दिसंबर तक दिव्यांगता दिवस सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं और नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। समारोह का मुख्य आकर्षण 6 दिसंबर को आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रहा, जिसमें प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के उत्साह, मेहनत और प्रतिभा की सराहना की तथा संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

### गोदड़ीवाला धाम से आज निकलेगी बाइक रैली

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में तीन दिवसीय 8 से 10 दिसंबर तक संत बाबा गेलाराम साहेब का 17वां वर्सी महोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें देशभर के संत-महात्मा और भक्त शामिल होंगे। यह महोत्सव तीन दिनों तक चलेगा और इसमें धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर जैसे सामाजिक आयोजन भी होंगे। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि ईसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 7 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा और बाइक रैली निकाली जा रही है। यह रैली न्यू राजेंद्र नगर, संत कंवरराम चौक कटोरा तालाब, श्याम नगर से होते हुए तेलीबांधा बीआईटी ग्राउंड शंकरनगर, लोधीपारा चौक, पंडरी कपड़ा मार्केट, देवेंद्र नगर, न्यू टिंबर मार्केट से होते हुए फाफाडीह, स्टेशन रोड, एमजी रोड, शारदा चौक, तात्यापारा होते हुए बाबा किशाराम दरबार में समापन किया जाएगा।

## बिजली और सफाई व्यवस्था बेहद लचर होने से गंदगी का आलम

# ट्रांसपोर्ट नगर का सिस्टम फेल, सड़क पर संचालक चला रहे हैं रिपेयर शॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रावांभाठा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर की हालत खराब होती जा रही है। दरअसल ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण ट्रक, हाईवा और ट्रेलर जैसी बड़ी गाड़ियों के लिए किया गया है। रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बिरगांव क्षेत्र के रांवाभाठा में ट्रांसपोटर्स के लिए बनाई गई व्यवस्था बिगड़ गई है। सिस्टम फेल होने से आने-जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली और सफाई व्यवस्था बेहद लचर होने से गंदगी का आलम है। इसका फायदा वाहन रिपेयर वर्कशाप चलाने वाले उठा रहे हैं। कई शॉप संचालकों ने सड़क पर वाहनों को रिपेयर करना शुरू कर दिया है।

ट्रांसपोर्ट नगर की समस्याओं को लेकर देवांगन समाज के धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष और बिरगांव निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखम लाल देवांगन ने इसकी शिकायत अब निगम के अधिकारियों से करने का निर्णय लिया है। बताया कि भले ही आरडीए ने रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट नगर बसा दिया है, लेकिन वहां अव्यवस्था का आलम है। पानी निकासी के लिए बनवाई गई नालियां कचरे से पट गई हैं। अभी भी यहां पर प्राधिकरण के बहुत सी जमीन ट्रांसपोर्ट नगर में खाली है, इसका फायदा व्यापारी उठा रहे हैं। आरडीए ने बिरगांव निगम को ट्रांसपोर्ट नगर हस्तांतरित करके पल्ला झाड़ लिया है। निगम के अधिकारी और कर्मचारी वहां झांकते भी नहीं हैं, इससे ट्रांसपोर्ट नगर की स्थिति दयनीय हो गई है।



**ट्रांसपोर्ट नगर के लिए नहीं मिले कर्मी**

आरडीए से रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर को हैंडओवर लेने के बाद सफाई और मेंटेनेंस के लिए कर्मचारियों की मांग निगम ने की है, लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है। जितने लोग हैं, उनसे काम करवा रहे हैं। शिकायत को संज्ञान में लेंगे।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम बिरगांव

### दुकान का सामान बाहर फैलाना शुरू कर दिया

ट्रांसपोर्ट नगर में ज्यादातर मार्गों को बंद करके वहां पर ट्रकों को खड़ा किया जा रहा है। साथ ही पुराने कंडम वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कों पर ही खड़ा किया जाता है। ट्रांसपोर्ट नगर में जिन लोगों को दुकान आवंटित की गई है, उन्होंने मनमानी करते हुए दुकानों का सामान बाहर फैलाना शुरू कर दिया है। इससे दूसरे वाहन चालकों को आने-जाने में भी दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जिम्मेदारों से शिकायत की जाएगी, ताकि लोगों को होने वाली परेशानी से बचाया जा सके।

### बाइपास सड़कों पर भारी वाहनों का कब्जा

ट्रांसपोर्ट नगर के आसपास जितनी भी बाइपास सड़कें हैं, वहां भी माल वाहकों की पार्किंग की जा रही है। इससे सड़कों पर जाम लगने की स्थिति बन रही है। रोकथाम के लिए ना तो निगम ध्यान दे रहा और ना ही पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने पहुंचता है। इससे बिलासपुर मुख्य मार्ग ही नहीं, रिंग रोड किनारे सर्विस रोड पर भी ट्रक, हाईवा का कब्जा है। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने और जनता को सुविधा देने के लिए बाइपास में निगम और पुलिस प्रशासन से अभियान चलाने मांग की है।

# पिछली बार भर सकी थी इंजीनियरिंग की सिर्फ 50 प्रतिशत सीटें, नए सत्र के लिए फिर आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए मान्यता नवीनीकरण और नवीन संबद्धता के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। आवेदन फॉर्मेट सहित अन्य सभी जानकारियां विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। महाविद्यालय दिसंबर अंत तक आवेदन कर सकेंगे। ना केवल इंजीनियरिंग महाविद्यालय बल्कि फॉर्मेसी महाविद्यालयों को भी इस अवधि में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यह प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इंजीनियरिंग महाविद्यालयों की मौजूदा सत्र में करीब 11 हजार सीटें हैं। तीन राउंड में 5751 सीटों में प्रवेश हुआ। इस तरह से 4201 खाली रह गए थे।इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के विपरित फॉर्मेसी पाठ्यक्रमों को लेकर छात्रों में क्रेज अभी भी है।

- मान्यता नवीनीकरण के लिए तकनीकी विवि ने मंगाए आवेदन

**बंद होने वाले महाविद्यालय नहीं करेंगे आवेदन :** इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में छात्रों की रुचि कम होने के बाद से बीते 10 वर्षों में लगभग 20 महाविद्यालयों पर ताला लग चुका है। 2015 में प्रदेश में 51 इंजीनियरिंग महाविद्यालय थे। जबकि वर्तमान में 33 इंजीनियरिंग महाविद्यालय ही हैं। इनमें शासकीय महाविद्यालय भी शामिल हैं। जो महाविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 में संस्थान बंद करना चाहते हैं, वे संबद्धता के लिए आवेदन नहीं करेंगे। बीते दो वर्षों में बंद होने वाले महाविद्यालयों में अधिकतर दुर्ग-भिलाई के ही रहे हैं।

### कम होगी सीट संख्या, ब्रांच में भी ताला

विश्वविद्यालय के अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, कई महाविद्यालय ऐसे हैं जो पूरा संस्थान बंद करने के स्थान पर कुछ ब्रांच को बंद करना चाह रहे हैं। कुछ ब्रांच की सीटें भी कम करने की तैयारी है। कई ब्रांच ऐसे हैं, जिसके लिए बीते कई सत्र से छात्र अधिक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इनकी मॉनिटरिंग कर महाविद्यालय इन्हें बंद करने की तैयारी में हैं, ताकि संबंधित ब्रांच संचालन के लिए नियुक्ति प्राध्यापक सहित अन्य खर्च बचाए जा सकें। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में किसी भी ब्रांच बंद नहीं होगी और ना ही सीट संख्या में कमी आएगी।

## बिजनेस साइट

### डिज्नीलैंड मेला धूमधाम से शुरू, इंडोनेशिया की जलपरियां बनीं मुख्य आकर्षण

**रायपुर।** लाखेनगर स्थित हिंद स्पोर्ट्स ग्राउंड में बहुप्रतीक्षित डिज्नीलैंड मनोरंजन मेला रंगारंग तरीके से शुरू हो गया है। मेले का शुभारंभ राजेश्री महंत रामसुंदर दासजी महाराज और फिरोज अख्तर ने संयुक्त रूप से किया। इस बार मेले का मुख्य आकर्षण इंडोनेशिया से आई जलपरियां हैं, जो अपने मनमोहक अंदाज से दर्शकों को आकर्षित कर रही हैं। मेले के संचालकों ने बताया कि आयोजन को नए रूप और आधुनिक सुविधाओं के साथ शुरू किया गया है। बच्चों के मनोरंजन के लिए इस बार फन जोन को और बड़ा किया गया है, जिसमें स्क्रीम टॉवर और जायंट फ्रिस्बी जैसे नए झूले जोड़कर रोमांच को और बढ़ाया गया है। क्रॉफ्ट बाजार में देशभर के बुनकरों और शिल्पकारों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, होम डेकोर और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। कश्मीरी, कोलकाता, कोसा सिल्क, बनारसी, चंदेरी सहित विभिन्न प्रांतों की साड़ियां, ज्वेलरी, फुटवियर और फर्नीचर विशेष आकर्षण बने हुए हैं। दर्शकों के लिए ब्रेक डांस, कोलंबस, जायंट व्हील, डेशिंग कार समेत कई झूले उपलब्ध हैं। वहीं फूड जोन में अलग-अलग स्वाद के व्यंजनों का आनंद लिया जा सकता है। मेला प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा।



### एमएम स्कूल का वार्षिक महोत्सव, ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से नारी शक्ति को सलाम

**रायपुर।** एमएम स्कूल ने अपने वार्षिक कार्यक्रम 2025 का भव्य आयोजन प्रेरक थीम 'प्रेरणा - भारत में हमारी महिलाओं से प्रेरणा' पर किया। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र ऑपरेशन सिंदूर रहा, जिसने सेना, पुलिस, विज्ञान, कला और सामाजिक सुधार जैसे क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं की अदम्य शक्ति और समर्पण का सम्मान किया। मुख्य अतिथि के रूप में सीबीएसई आरओ रायपुर के क्षेत्रीय अधिकारी जगदीश बर्मन उपस्थित रहे। समाज और रोजमर्रा की जिंदगी दोनों को आकार देने में महिलाओं के योगदान और समर्पण को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल का नेतृत्व चेयरपर्सन इंदर थौरानी, निदेशक मयूर थौरानी, सिद्धार्थ थौरानी और राजेश थौरानी मौजूद थे। प्रिंसिपल डॉ. संजय भट्टाचार्जी ने प्राचीनकाल से आधुनिक युग तक महिलाओं के असाधारण योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने 'नारीस्तुति', 'अग्निवीर' और 'अनसंग हीरोज' जैसी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'वंदे मातरम' की प्रस्तुति ने शाम को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में छात्रों की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों वाला अचीवमेंट कॉर्नर भी प्रदर्शित किया गया, जिसके बाद नवरत्न पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन का समापन सामूहिक रात्रिभोज के साथ हुआ।



### गुड स्टार्ट स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

**रायपुर।** गुड स्टार्ट स्कूल की यूनिट-3 (सोनकर भवन) में वार्षिक खेल दिवस उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में यूनिट-1 (प्रोफेसर कॉलोनी), यूनिट-2 (भाटा गांव) और यूनिट-3 के नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल दिवस के दौरान म्यूज़िकल चेयर, फ्रॉक रेस, बैलेंसिंग रेस, बॉटल ग्रैपिंग रेस, स्लो साइक्लिंग, बैडमिंटन, कबड्डी और खो-खो सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने खेल कौशल के साथ-साथ टीम वर्क और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यक्ष धर्मेश सोनी, निदेशक डिम्पल सोनी एवं एग्ज़ीक्यूटिव निदेशक कश्मिका सोनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्राचार्य स्मिता द्विवेदी व अनीता त्रिपाठी ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।



# भूपेश बोले : सरकार की किसान विरोधी नीति का शिकार हुआ मनबोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बागबाहरा के किसान मनबोध गाड़ा द्वारा गला काट कर आत्महत्या के प्रयास पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, सरकार की किसान विरोधी नीति का शिकार हुये हैं। पूरे प्रदेश में धान खरीदी अस्त व्यस्त है। किसान बिल्कुल इस व्यवस्था को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। धान खरीदी में बारदाने की कमी है, तौल में गड़बड़ी है, वजन कम आ रहा है। किसानों से सबसे ज्यादा परेशानी अगर किसी चीज से किसानों को है, तो वह टोकन का है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में किसान अपना टोकन नहीं कटा पा रहे हैं। लिमिट भी कम कर दिया गया है, ऐसी स्थिति पूरे प्रदेश में है।

- कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मेकाहारा जाकर बागबाहरा के किसान मनबोध गाड़ा से मिला

उन्होंने कहा, महासमुंद के बागबाहरा का मनबोध गाड़ा एक एकड़ 40 डिसमिल का किसान है। वह लगातार चॉइस सेंटर टोकन कटाने के लिए जा रहा है। ऑफलाइन जा रहा है, समिति के चक्कर लगा रहा है। लगातार वह इधर से उधर चक्कर काट रहा है और नहीं कटा, तो उन्होंने गला काट लिया जो बेहद पीड़ा दायक है। यह विष्णुदेव साय सरकार के गाल में करार तमाचा है कि पहली बार ऐसा हुआ है कि किसान ने अपना गला रेत लिया है।

### ये प्रतिनिधिमंडल में शामिल

कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर के मेकाहारा अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने महासमुंद बागबाहरा के किसान मनबोध गाड़ा के परिवार से मुलाकात की। धान खरीदी के समय टोकन ना काटने से उन्होंने गला रेत लिया है, जिस वजह से वह अस्पताल में एडमिट हैं। उनका ऑपरेशन चल रहा है, कांग्रेस डेलिगेशन ने उनके परिवार से मुलाकात की और हरसंभव मदद की बात कही है।

# अनियमित कर्मचारियों में आक्रोश, फेडरेशन ने 28 को प्रदर्शन का किया ऐलान, 32 संगठनों के कर्मचारी होंगे शामिल

## छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारियों ने नियमितीकरण, स्थायीकरण, मानदेय में वृद्धि और निकाले गए कर्मचारियों की बहाली करने सहित अन्य मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने 28 दिसंबर को राजधानी रायपुर में विशाल प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इसमें प्रदेशभर के 32 संगठनों के हजारों अनियमित कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल होंगे।

छत्तीसगढ़ के शासकीय कार्यालयों में सालों से कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, स्थायीकरण अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने, आउट सोर्सिंग, ठेका, सेवा प्रदाता, समूह समिति के माध्यम से नियोजन सिस्टम को बंद करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर फेडरेशन ने 28 दिसंबर को प्रदेश व्यापी आंदोलन की घोषणा की है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने कहा है कि अनियमित कर्मचारी 25 से 30 साल से किसी न किसी प्रकार से शासन की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पर विडंबना है कि वर्तमान में इनकी




स्थिति मजदूरों से भी बदतर है। आर्थिक सुरक्षा, बेरोजगारी, प्रशासनिक दबाव के कारण वे अपने हक की आवाज नहीं उठा पा रहे। अनियमित कर्मचारियों की समस्याओं पर भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी की सरकार बनने पर इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का वादा किया था। मोदी गारंटी 2023 में एक कमेटी गठित कर उस कमेटी में अनियमित कर्मचारियों को शामिल कर समीक्षा प्रक्रिया प्रारंभ करने का उल्लेख किया गया है, लेकिन कमेटी गठन के आदेश में अनियमित कर्मचारियों का कोई उल्लेख नहीं होने और कमेटी में अनियमित कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों को शामिल नहीं करने पर प्रदेश भर के अनियमित कर्मचारी आक्रोशित हैं। फेडरेशन का कहना है, मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्रियों से मुलाकात के बावजूद भाजपा सरकार के 17 माह बीतने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया।

### न्यूनतम और संविदा वेतन में वृद्धि नहीं

अनियमित कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें नियमित कर्मचारियों से आधे से भी कम वेतन देने का प्रावधान न्यूनतम वेतन अधिनियम और संविदा नियम के तहत है, पर न्यूनतम वेतन का पुनरीक्षण 2017 से एवं संविदा वेतन अगस्त 2023 के बाद से वृद्धि नहीं की गई है, यह कर्मचारियों के साथ सरासर नाइंसाफी है।

### प्रमुख मांग

- नियमितीकरण, स्थायीकरण।
- निकाले गए कर्मचारियों की बहाली।
- न्यून मानदेय वाले कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिया जाए।
- अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक किया जाए।
- आउट सोर्सिंग, ठेका, सेवा प्रदाता, समूह-समिति के माध्यम से नियोजन सिस्टम बंद कर विभाग में समायोजन की मांग।

# बूढ़ातालाब का फाउंटेन महीनों से बंद ठेकेदार की सुरक्षा निधि होगी राजसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बूढ़ातालाब में महीनों से बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन लगाने वाले ठेकेदार की सुरक्षा निधि राजसात होगी। आम जनता को इससे होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए महापौर मीनल चौबे ने रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए। अधिकारियों के साथ महापौर ने शनिवार को बूढ़ातालाब का दौरा किया। कांग्रेस शासनकाल में राजधानी के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब को प्रदेश का सबसे सुंदर और भव्य सरोवर बनाने तालाब सौंदर्यीकरण कराया गया। इस दौरान 5 करोड़ रुपए की लागत से म्यूजिकल फाउंटेन लगवाए गए। कुछ समय तक रंगीन रोशनी के साथ संगीतमय स्वर लहरी बिखेरने वाला म्यूजिकल फाउंटेन अपनी भव्यता के लिए चर्चा में रहा। बाद में इसमें खराबी आने के कारण बंद हो गया। बूढ़ातालाब में सुबह-शाम वॉक के लिए आने-जाने वालों ने इसकी जानकारी महापौर को दी। आम जनता से जानकारी मिलने के बाद वे स्थल पर पहुंचीं और फाउंटेन को बंद देखकर तत्काल स्थल से रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को बुलवाया। उप अभियंता शुभम तिवारी और योगेंद्र साहू पर फाउंटेन लंबे समय से बंद होने और नागरिकों की सुविधा दोबारा नहीं शुरू करने पर नाराजगी जताई।



मीनल चौबे ने तत्काल संबंधित ठेकेदार को नोटिस देकर उनके रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के पास जमा 5 फीसदी 25 लाख रुपए की अमानती राशि को अविलंब राजसात करने निर्देश दिए। ठेकेदार की ठेका अनुबंध अवधि एक माह ही बाकी है।



हरिभूमि
रायपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



नए साल पर डायरी और कैलेंडर खरीदने...

## लाइव इवेंट

## कालीबाड़ी स्कूल के 'एलुमनी' का 14 दिसंबर को मिलन समारोह

**रायपुर।** कालीबाड़ी स्कूल में वर्ष 2000 बैच के विद्यार्थियों का बहुप्रतीक्षित 'रजत जयंती समारोह का गरिमामय आयोजन 14 दिसंबर को होने वाला है। इसके लिए पूर्व विद्यार्थियों ने तैयारी शुरू की है। इस सिल्वर जुबली वर्ष का यादगार बनाने के लिए जिम्मेदारी भी तय की गई है। सुबह 9 बजे से यह विशेष और भावुक अवसर कई कारणों से खास बनने वाला है। रायपुर के अलावा देश- विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और उच्च पेशेवर क्षेत्रों में काम करने वाले पूर्व छात्र सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए एकत्रित हों, इसके लिए उन लोगों तक जानकारी पहुंचाने का प्रयास संचार साधनों के माध्यम से किया जा रहा हैं। यह जानकारी कालीबाड़ी स्कूल के पूर्व छात्र 2000 बैच संगठन से जुड़े लोगों ने दी।

### रजत जयंती समारोह में ये होंगे मुख्य आकर्षण

री-यूनियन का भावुक क्षणः समारोह का सर्वाधिक आकर्षक होगा, जब पूर्व छात्र 25 साल के अंतराल के बाद अपने साथ पढ़ने वाले मित्रों और गुरुजनों से मिलेंगे। इस मंच पर पूर्व छात्र विद्यालय में बिताए अपने अविस्मरणीय पलों, जीवन के संघर्षों, उत्कृष्ट उपलब्धियों और समृद्ध जीवन से जुड़े अनुभव को साझा करेंगे। यह अनुभव वर्तमान छात्रों के लिए एक अमूल्य और प्रेरणादायक मार्गदर्शिका सिद्ध होगी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच सम्मान समारोह और यादों से जुड़ी एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। यह न केवल पुरानी स्मृतियों को जीवंत करेगा, बल्कि स्कूल के सफल पूर्व छात्रों के बीच बंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने का माध्यम बनेगा।

**पुराने दोस्तों से मिलकर बांटेंगे जीवन के अनुभव सुख-दुख और खुशियों के पल**

● क्रिसमस के लिए सजा तोहफों का बाजार, क्रिसमस ट्री की बढ़ रही विशेष सज्जा

# बाजार में छाया सिंगिंग-डांसिंग सांता, बच्चों के लिए खास गिफ्ट हैंपर की बढ़ी मांग

**इस बार क्रिसमस के लिए बाजार में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ खास है। इसमें बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए भी हर बजट में तोहफा देने के लिए कई तरह के लॉफिंग, डांसिंग व सिंगिंग सांता क्लॉज खास हैं। इस बार एक फीट से लेकर 8 से 10 फीट तक ऊंची क्रिसमस ट्री भी दुकानों पर लोगों के लिए सज गई हैं। मसीही समाज के लोग अब खरीदी के लिए बाजार में रौनक बढ़ाने का साजो-सामान खरीदने में जुट गए है। क्रिसमस पर्व पर दिए जाने वाले तोहफों के लिए इस साल भी बाजार सज चुके हैं।**





**रायपुर।** क्रिसमस ट्री को डिफरेंट लुक देने के लिए न सिर्फ सजावट के लिए कई तरह की चीजें आई हुई हैं, बल्कि तोहफों में भी वैरायटीज भी देखने को मिल रही है। इस बार खासकर छोटे बच्चों के लिए कई तरह के तोहफे उपलब्ध हैं। शहर के दुकानदारों के अनुसार, क्रिसमस के लिए लोग सीक्रेट गिफ्ट भी प्लान कर रहे हैं। इसमें गिफ्ट की खास तरह की पैकिंग भी कराई जा रही है। कई गिफ्ट शॉप ने खुद ही हैंपर तैयार किए हैं तो कुछ ऑर्डर देकर खासतौर से बनवा रहे हैं।



### सजावट के लिए मिक्स लाइट

इस बार डांसिंग सांता क्लॉज भी नजर आएंगे। इसके लिए शहर के व्यापारियों ने मुंबई व दिल्ली से डांसिंग सांता क्लॉज विशेष आर्डर देकर मंगाए हैं। ये कई तरह की आकृतियों में ये उपलब्ध हैं। इस बार तोहफे देने के लिए भी 100 से 500 की रेंज में होने इन्हें पसंद किया जा रहा है। वहीं बड़े मॉल्स, रेस्तरां और होटल्स में क्रिसमस के मौके पर खास सजावट की जाती है। इसके लिए मिक्स लाइट लगाने पूछपरख शुरू हो गई है। इस बार महानगरों की तर्ज पर यहां भी भव्यता नजर आएगी। अब यहां थीम बेस्ड डेकोरेशन करने की तैयारी की जा रहा है। क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए खास तरह के लाइट 100-500 की रेंज में खरीद रहे हैं। एक तरह के रंगों का चयन करने के स्थान पर लोग मिक्स लाइट का चुनाव कर रहे हैं।

### गाते हुए डांस करेंगे सांता क्लॉज

*दुकान में सजने वाले डांसिंग सांता क्लॉज को चलाने बिजली का उपयोग करना पड़ेगा। इसके लिए जरूरी उपकरण भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं। इसे लगाते ही सांता क्लॉज कैरोल गाते हुए डांस करेंगे। इसमें एक डांसिंग सांता क्लॉज फ्रेमिंग भी किया गया। इसमें कई सांता क्लॉज एक साथ रंगीन लाइट्स के बीच डांस करते हुए नजर आएंगे। 300 से 750 की रेंज में मिलने से सजाने के लिए लोग खरीद रहे हैं। बच्चों को गिफ्ट देने के लिए लोग जरूरत के मुताबिक इन्हें खरीदने भी पहुंच रहे हैं।*

## सिटी इवेंट


## गोंडवाना महोत्सव में पारंपरिक नृत्य ने मोहा मन, बच्चों-युवाओं ने दिखाया हुनर





**रायपुर।** बीटीआई ग्राउंड में शनिवार शाम गोंडवाना महोत्सव में सोलो डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें शहर के बच्चों, युवाओं और युवतियों ने हिस्सा लेकर अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। मंच पर बच्चों की दमदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। सभी कलाकारों ने संगीत की धुन पर ऐसा धमाकेदार प्रदर्शन किया कि पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। गोंडवाना महोत्सव के आयोजक वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह सिसोदिया ने बताया कि मेला पूरी तरह से निशुल्क है। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें कोई भी इच्छुक प्रतिभागी हिस्सा ले सकता है। कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए नृत्यों में बॉलीवुड गीतों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों की धुन पर भी प्रतिभागियों ने अपनी पकड़ और लय का खूब परिचय दिया। किसी ने ऊर्जा से भरपूर डांस से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया तो किसी ने शास्त्रीय और लोकनृत्य की झलक दिखाकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

### विभिन्न राज्यों के गीतों पर प्रस्तुति



महोत्सव में आयोजित सोलो और ग्रुप डांस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। मंच पर पंथी गीत, शिव तांडव, मां दुर्गा के भजन, राजस्थानी, असमिया, मराठी और छत्तीसगढ़ी गीतों पर प्रतिभागियों ने अपनी लय और हुनर का उम्दा प्रदर्शन किया। 'मोर बर ले दे.., जैसे लोकप्रिय गीतों पर भी बच्चे और कलाकारों ने जमकर थिरककर दर्शकों का दिल जीत लिया।

## वैश्विक मैकेनिकल इंजीनियरिंग मानचित्र पर सशक्त बनकर उभरा एनआईटी

**रायपुर।** एनआईटी में दो दिवसीय मैकेनिकल इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड लर्निंग-2025 का शनिवार को समापन हुआ। यह कार्यक्रम एनआइटी मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 5 और 6 दिसंबर को आयोजित किया गया। समारोह में विभागाध्यक्ष डॉ. एनवी स्वामी नायडू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. नायडू ने आयोजन टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड लर्निंग-2025 ने विभाग के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन ने उच्च स्तरीय शोध को प्रदर्शित किया, ज्ञान नेटवर्क को मजबूत किया एवं एनआईटी रायपुर को वैश्विक मैकेनिकल इंजीनियरिंग मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सम्मेलन के समन्वयक डॉ. अनुज कुमार शुक्ला, डॉ. पीएम रामटेक, डॉ. एसडीवीएसएस वर्मा सिरुवुरी एवं डॉ. पीके चौरसिया रहे। इस कार्यक्रम के दौरान देश के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने मुख्य वक्ताओं के रूप में शिरकत की। जिनमें डॉ. अनुपम दीवान, प्रोफेसर एचएजी, आईआईटी दिल्ली, डॉ. सुदीप वर्मा, साइंटिस्ट एफएसएसपीएल, डीआरडीओ, अश्विनी सिंह, टेक्निकल लीड, टीसीएस नोएडा ने जानकारी प्रतिभागियों के साथ साझा की। इसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया, जिसमें बेस्ट पेपर अवॉर्ड सुश्री पलक नहाटा, सेकंड बेस्ट पेपर अवॉर्ड डंडू आर्य वर्मा को मिला।





### शोधार्थियों का हुआ सम्मान

*इसके उपरांत सभी शोधार्थियों को प्रमाणपत्र डॉ. अनुज शुक्ला और अन्य सदस्यों द्वारा प्रदान किए गए। समारोह का समापन डॉ. पीके चौरसिया के आभार व्यक्त करने के साथ हुआ। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों, आयोजन टीम और प्रायोजकों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। एनआईटी रायपुर की शोध उत्कृष्टता और वैश्विक सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन सिद्ध हुआ।*

## स्टूडेंट्स ने प्लेसमेंट कैंप में एडवरटाइजिंग एवं हॉस्पिटलिटी फील्ड के लिए दिया साक्षात्कार

**रायपुर।** दिशा कॉलेज रामनगर कोटा में कैरियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस प्लेसमेंट कैंप के लिए एसपी एडवरटाइजिंग एवं विद्या हॉस्पिटल को आमंत्रित किया गया। इस कैरियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट कैंप में दिशा कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्र एवं एलुमनी छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस कैंप को लेकर दिशा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम से नेटवर्किंग के अवसर मिलते हैं। साथ ही वास्तविक दुनिया का छात्रों को अनुभव होता है। शिक्षित युवा व छात्र-छात्राओं में रोजगार की समझ और क्षमता बढ़ती है। अकादमी ज्ञान को व्यावहारिक रूप में लागू करने का मौका मिलता है, जिससे करियर में मजबूत शुरुआत होती है। इससे जॉब की संभावना बढ़ जाती है। कौशल को निखारने का मौका मिलता है। इसके उपरांत सुशांत पैराडेकयर, वैभव वाडकर, डॉ. दुबे एवं वंशिका खत्री ने छात्रों का रिज्यूम का अवलोकन किया। कैंप में अभ्यार्थियों का साक्षात्कार के द्वारा उनकी योग्यता अनुसार सही प्रतिभा का चुनाव किया गया। प्लेसमेंट कंपनियां प्लेटफार्म के रूप में योगदान दिए। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक उपस्थित रहे।



रंग मंदिर के सभागार में सुबह से देर-शाम तक गायन-वादन और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

# सुर-ताल संग जुगलबंदी से नृत्यांगनाओं ने सजाया कलावंत, कलाप्रेमियों को दिया संगीतमय माहौल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर में गोविंद लीला कला कौशल द्वारा गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर में छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों के अलावा नेपाल सहित बांग्लादेश के प्रतिभागियों को नेशनल लेवल प्रतियोगिता में मंच दिया जा रहा है। शास्त्रीय एवं उप शास्त्रीय गीत-संगीत और नृत्यों की तालीम ले रहे कलाप्रेमियों को चौथे साल भी मंच देने के लिए चार दिवसीय महोत्सव शुरू किया है। दूसरे दिन शनिवार को दर्शक दीर्घा में मौजूद संगीत प्रेमियों को भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, मणिपुरी व मोहिनीअट्टम की प्रस्तुति देने का अवसर दिया। प्रतिभागियों ने अपनी बेजोड़ प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में मौजूद लोगों से भी वाहवाही लूटी। यह सिलसिला सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक चला।









### श्रीकृष्ण और राधा की लीलाओं का किया चित्रण

*इस बार भी पुणे, नागपुर, भिलाई, बालाघाट, दुर्ग, मुंबई के 400 प्रतिभागी शिरकत कर रहे हैं। पंजीयन नंबर के आधार पर मंच से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि निर्णायकों को किसी प्रकार से न्याय करने में दिक्कत न होने पाए। शनिवार को गायन, वादन के साथ सबसे ज्यादा एकल नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। इनमें किसी ने मीरा तो किसी ने कृष्ण और राधा की लीलाओं के साथ ही कृष्ण की बाल लीला को भी नृत्यों की भाव भंगियों के जरिए पेश करते हुए दर्शकों को भावविभोर किया।रविवार को नेपाल और बाग्लादेश से आए कला गुरुओं के सागिर्दों द्वारा शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति कलावंत में दी जाएगी।*



### इन निर्णायकों की टीम ने निभाई अहम भूमिका

आयोजन संस्था के अध्यक्ष संतोष तिवारी के मार्गदर्शन में देश ही नहीं बल्कि दूसरे देश के प्रतिभागियों को मंच साझा करने का अवसर मिल रहा है। इसमें शहर के कला प्रेमी उत्सव में दर्शक दीर्घा का हिस्सा बने। इस बार नेपाल और बाग्लादेश से भी प्रतिभागी शामिल होंगे। मंच संचालन करते हुए सारिका शर्मा प्रतिभागियों को प्रस्तुति से जोडने की भूमिका निभा रही हैं। वहीं किरण साहू इस महोत्सव के संयोजन का दायित्व निभा रही है। निर्णायक के रूप में उदित तिवारी, प्राण सांई, के. हरि के साथ ही नेपाल से आए सजन रघुवंशी प्रमुख रूप से मौजूद थे। इनके सामने कलाकारों ने प्रस्तुति से दर्शकों में पहचान बनाई ।

**धर्म लाइव**

## दत्तात्रेय जयंती महोत्सव के अंतिम दिन 32 खाद्य सामग्रियों का लगाया भोग



**रायपुर।** ब्रह्मपुरी स्थित प्राचीन दत्तात्रेय मंदिर में जारी दस दिवसीय दत्तात्रेय जयंती महोत्सव का समापन शनिवार को गोपाल काला उत्सव के साथ किया गया। गोपाल काला उत्सव में महिला भजन मंडलियों ने गोपाल के बालस्वरूप को झूले में स्थापित करके मनमोहक श्रृंगार करके भजन और नृत्य के साथ भक्ति गीत पेश किए। बालकृष्ण की स्तुति .. गोपाल काला में 85 वर्ष से अधिक उम्र की दर्जनों महिलाओं ने भी भावविभोर होकर भक्तिभाव से नृत्य किया। इसमें 90 वर्ष की वयोवृद्ध माता शकुंतला चौहान ने उत्साह से भजन गा रही महिलाओं पर लाई स्वरूप में धनवर्षा करते हुए प्रभु भक्ति का आनंद लिया। गोपाल काला उत्सव की परंपरा सामाजिक समरसता का भाव जगाने और बालकृष्ण की लीलाओं का आनंद लेने के लिए प्रारंभ की गई थी।

### गोपाल काला को प्रसाद का लगाया भोग

अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल ने बताया कि इसलिए उत्सव में शामिल महिलाएं अपने घरों से लाई, चिवड़ा, दही, मक्खन, श्रीखंड, हरी मिर्च, काली मिर्च, धनिया पत्ती, अचार सहित 32 प्रकार की खाद्य सामाग्री के साथ शामिल हुईं। इसका मिश्रण बनाकर गोपाल काला का प्रसाद बनाकर भोग लगाने के बाद भक्तों को वितरित किया गया। गोपाल काला प्रसाद के विशेष महत्व को देखते हुए दूर-दूर से भक्त मंदिर प्रसाद लेने पहुंचते हैं। गोपाल काला का प्रसाद बतीस प्रकार की खाद्य सामग्री को मिलाकर बनाया जाता है। आयोजन में प्रमुख रूप से ट्रस्ट के उपाध्यक्ष महेश राम साहू, दिनेश फनसलकर, विनायक राव काकड़े, विजय दुबे, गोविंद राव बेंद्रे, शकुन चौहान, हेमा ताई बरवे, श्यामली कुमरे शामिल हुईं।

**सिटी लाइव**

## छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट-2025 : पर्यावरण संरक्षण जागरूकता साइकिल रैली आज

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशलन कॉलेज में साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। इसका आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, विबग्योर एनएफ फाउंडेशन एवं आईआईटी भिलाई के संयुक्त प्रयासों के द्वारा छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट (द्वितीय संस्करण) का भव्य आयोजन किया गया है। आज यह साइकिल रैली महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज से सुबह 7 बजे निकलेगी। इस साइकल रैली का रूट मैक कॉलेज समता कॉलोनी से प्रारंभ हो कर अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, सिटी कोतवाली, सप्रे शाला, आश्रम चौक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय पहुंचेगी। यह समिट पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक के समन्वय के माध्यम से एक हरित और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह साइकिल रैली सस्टेनेबल एनर्जीः ट्रेडिशनली फ्यूचरिस्टिक थीम पर आधारित है। यह कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के सहयोग से एवं विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के समर्थन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों में पर्यावरण-जागरूकता व्यवहार को बढ़ावा देना है। विद्यार्थियों से इस कार्यक्रम में सहभागिता के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी एवं उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी ने अपील किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से कार्बन फुटप्रिंट कम करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता पैदा करना और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास को आगे बढ़ाना है।

**महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में आयोजन**

**समाज इवेंट**

## प्रगतिशील सतनामी समाज महिला इकाई की सतनाम जागरण बाइक रैली आज

**रायपुर।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया है। रविवार को यह आयोजन बाबा गुरु घासीदास की जयंती के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अंजली बरमाल ने आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेशभर की इकाई से जुड़ी सतनामी समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में बाइक रैली में शामिल होंगी। इस रैली का उद्देश्य संत बाबा गुरु घासीदासजी की सात सिद्धांत और 42 अमृतवाणी के संदेश को मानव समाज के जन-जन तक पहुंचाना है। यह बाइक रैली जैतखाम की पूजा- अर्चना कर दोपहर 12 बजे सतनाम चौक खम्हारडीह शंकर नगर से निकलेगी, जो पार्वती नगर, मोवा आदर्श नगर, लोधीपारा चौक, पंडरी झंडा चौक, मिनीमाता बस स्टैंड, तेलीबांधा सतनाम चौक, पुराना राजेंद्र नगर से होते हुए गुरु घासीदास सतनाम भवन न्यू राजेंद्र नगर पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध लोक संस्कृति और परंपरा के लिए जाना जाता है। यहां हर माह कोई न त्योहार मनाया जाता है। 1 दिसंम्बर से गुरू पर्व की शुरूआत हो चुकी है। इस दिन से सतनामी समाज के लोग गुरु घासीदास बाबाजी की जयंती मानने की शुरुआत करते हैं। इस माह को हर्षोल्लास के साथ सतनामी सामाज के लोग मनाते हैं। इस महीने 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती को देशभर में मनाया जाता है। यह परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। इसे मार्गशीर्ष और पौष की तिथि को मनाया जाता है। इस पर्व में विशेष रूप से जैतखाम की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन सतनामी समाज के लोग सफेद कपड़े पहनकर पंथी नृत्य करते हैं।

**प्रदेशभर से सतनामी समाज की महिलाएं होंगी शामिल**

● 30 फीसदी ही रह गई कैलेंडर और डायरी की मांग, कॉलोनियों में पार्टी की जगह सिर्फ केक सेरेमनी की तैयारी

# नए साल पर डायरी और कैलेंडर खरीदने का ट्रेंड पड़ा फीका अब ग्रीटिंग कार्ड की जगह पर लाइटिंग मैसेज पहली पसंद

बदलते समय के साथ नए साल पर जश्न मनाने का तरीका बदल गया है। इस वजह से अब बाजार का ट्रेंड भी पहले जैसा नहीं रहा। दस साल पहले शहर में ग्रीटिंग कार्ड, डायरी और कैलेंडर को लेकर सर्वाधिक मांग युवाओं की होती थी। दुकानों में कपल, दोस्त के लिए अलग-अलग ग्रीटिंग कार्ड आते थे, जो अब न के बराबर हो चुके हैं। इस साल बाजार से नए साल पर सुविचार वाले कार्ड ही गायब हो चुके हैं। दुकानदारों कहना है कि मांग कम होने से कंपनियों ने कार्ड बनाने ही बंद कर दिए हैं। हरिभूमि ने नए साल में बदलते ट्रेंड को लेकर शहर के गिफ्ट दुकानों के संचालकों से बातचीत की।

**रायपुर।** एक गिफ्ट शॉप के संचालक आयुष ने बताया, सोशल मीडिया ने पुरानी परंपरा को खत्म ही कर दिया है। युवा अब ग्रीटिंग कार्ड की जगह पर लाइटिंग मैसेज गिफ्ट खरीद रहे हैं। यह एक तरह का लैंप होता है, जिसमें आप सभी खास अवसर के संदेश एलईडी लैंप में लगा सकते हैं। बीते कुछ सालों में नए साल पर ग्रीटिंग कार्ड खरीदने 3 से 4 लोग ही पहुंचते हैं। इसके अलावा बाजार में युवा ऐसे गिफ्ट खरीदना पंसद कर रहे हैं, जो उपयोगी हो और उनकी फीलिंग्स भी गिफ्ट में दिखाई दे। कॉलोनियों में भी पार्टियां केक काटने तक ही सीमित हो चुकी हैं। अब इसकी जगह होटलों ने ले ली है।








### साउंड अलार्म बना खास गिफ्ट

नए साल के लिए इन दिनों बाजार में कपल सेट, स्टोन, हार्ट, ताजमहल, लाइटिंग वाले गिफ्ट की अधिक मांग है। इसके अलावा साउंड अलार्म घंटी भी लोगों को आकर्षित कर रही है। इसमें फोन के जरिए पंसदीदा अलार्म ट्यून सेट कर सकते हैं। साथ ही यह सुविचार भी देता है। सुबह को खास बनाने लोग इस अलार्म घड़ी को खरीद रहे हैं। इसकी कीमत 800 रुपए तक है। दुकानदारों का कहना है कि नए साल पर ग्रीटिंग कार्ड का चलन घटने के बाद अब गिफ्ट को लेकर भी रुझान कम होने लगा है।



### नहीं बिक पाई पिछली साल की डायरी

नए साल में 24 दिन बच गए हैं, लेकिन बाजार में कैलेंडर, डायरी की मांग अब भी नहीं है। गोलबाजार स्थित एक दुकान के संचालक हेमंत साहू ने बताया, 2025 की 150 से अधिक डायरियां और कैलेंडर सालभर नहीं बिक पाए। इस साल इसकी मांग लोगों के बीच 30 फीसदी ही है। बाबूलाल चतुर्वेदी कैलेंडर ही चलन में है। पहले लोग नए साल पर डायरी को गिफ्ट के रूप में खरीदते थे, लेकिन डायरी भी मांग और बिक्री कम हो चुकी है। होलसेल दुकान होने के बाद भी 60 डायरियां ही बिक पाई हैं। उन्होंने बताया कि स्लोगन ग्रीटिंग आने बंद हो चुके हैं। इसका मुख्य कारण बढ़ते सोशल मीडिया का उपयोग है।



# चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना... बप्पी दा के गीतों से सजी सुरीली शाम

### स्वर सप्तक म्यूजिकल ग्रुप की मुक्तकाशी मंच पर सुरमयी प्रस्तुति





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुरातत्व विभाग परिसर स्थित मुक्ताकाशी मंच पर शनिवार को फिल्मी गीतों की सुर लहरियों ने समां बांधा। हिंदी सिनेमा के हरदिल अजीज गायक व संगीतकार स्व. बप्पी लहरी की याद में संगीत संध्या का आयोजन स्वर सप्तक म्यूजिकल ग्रुप द्वारा किया गया। इस सुरमयी संगीत संध्या में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए नवोदित व प्रसिद्ध गायक-गायिकाओं ने मधुर गीतों से महफिल लूट ली। प्रतिभागी कलाकर दिनेश वर्मा ने चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना....की प्रस्तुति से महफिल को सुरमयी बनाया। वहीं डॉ. जावेद अली ने प्यार मांगा है तुम्हीं से..., ओमप्रकाश ने साथी रे गम नहीं करना..., भूमि सागर ने मेरा दिल गाए जा जू-जू जुबी... जैसे सदाबहार गीतों से समां बांधा। इसके अलावा वंदना कुलदीप, डॉ. जावेद अली, वंदिता साहू, शिवानी बानी, अजय कर्मोकार, गिरीश कुलदीप के स्वरबद्ध गीतों की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, म्यूजिकल ग्रुप के संयोजक उदय दास, संगीत संयोजन गुरजीत सिंह, राजेश नायक शामिल रहे। स्वर सप्तक संस्था द्वारा गत 16 वर्षों से संगीत के क्षेत्र से जुड़ी नवोदित प्रतिभाओं को मंच व सम्मान देने निरंतर संगीतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संस्था के संयोजक उदय दास ने अतिथियों समेत श्रोताओं का आभार जताया।

### गुलाबी ठंड में मधुर तरानों में डूबे रहे श्रोता

संगीत संध्या कार्यक्रम में बप्पी लहरी के गीत-संगीत पर नवोदित कलाकारों की मधुर आवाज से सजे तरानों से श्रोतागण मंत्रमुग्ध होते रहे। मुक्ताकाशी मंच के खुले आसमान के नीचे गुलाबी ठंड में दिल को छू लेने वाले फिल्मी नगमों का देर रात तक संगीत प्रेमी मजा लेते रहे। इन संगीत प्रेमियों में हर वर्ग के श्रोता पहुंचे रहे। इनमें बप्पी लहरी के गीतों के फैन नई-पुरानी जनरेशन के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे रहे। संगीतप्रेमी सुरीले गीत-संगीत के रंग में पूरी तरह से रंगे दिखे।

### बाबला बागची को बप्पी लहरी सम्मान से नवाजा



इस संगीत संध्या कार्यक्रम में जाने-माने म्यूजिक डायरेक्टर बाबला बागची को बप्पी लहरी संगीत सम्मान से अलंकृत किया गया। बाबला ने स्वर सप्तक संगीत संस्था द्वारा हिंदी फिल्म जगत में गायन व संगीत की दुनिया के सितारे बप्पी लहरी संगीत सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नवोदित गायक कलाकारों और अतिथियों का भी सम्मान किया गया।

## गुरु घासीदास जयंती से गणतंत्र दिवस के बीच तीज-त्योहारों की रहेगी धूम

**रायपुर।** वैसे तो धर्म प्रेमियों के लिए साल का हर महीना किसी न किसी महत्ता की वजह से खास होता है, लेकिन इस बार दिसंबर से गणतंत्र दिवस के बीच तीज-त्योहारों की धूम मचने वाली है। इस बीच कई आंचलिक और धार्मिक पर्व लोगों को आस्था से जोड़ेंगे। वहीं कई महापुरुषों की पुण्यतिथि और जयंती भी मनाई जाएगी। इस श्रृंखला में आगामी 18 दिसंबर को सतनाम का संदेश जन-जन तक पहुंचाने वाले बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर आस्था के साथ उत्सव का माहौल बनने वाला है। इसके लिए तैयारियों का सिलसिला तेज हो गया है। इसके बाद 25 को गिरजाघरों में प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा। 3 जनवरी को सुख-समृद्धि का आंचलिक उत्सव छेरछेरा पुन्नी मनाया जाएगा। वहीं स्वामी विवेकानंद जयंती 12 को मनाई जाएगी।

**दिसंबर और जनवरी के बीच मनाए जाएंगे कई आंचलिक और धार्मिक पर्व**

### लोहड़ी और मकर संक्रांति पर मनेगा उत्सव

*संस्कृत भाषा के प्रचारक एवं धर्मशास्त्री पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने बताया कि 13 जनवरी को लोहड़ी पर्व की शहर में धूम रहेगी। इस पर्व को भी सुख-समृद्धि के स्वरूप में ही मनाया जाता है। 14 को मकर संक्रांति और 18 को मौनी अमावस्या तिथि का पुण्यार्जन करने लोग नदियों में आस्था की डुबकी लगाएंगे। इसके बाद देवी मंदिरों में 19 से गुप्त नवरात्र का विधान शुरू होगा। 23 को बसंत पंचमी उत्सव के साथ ही नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई जाएगी। 26 को गणतंत्र दिवस के बाद 28 को लाला लाजपत राय जयंती और 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी।*

**कार्नर न्यूज**

इंडोर स्टेडियम में जारी दिव्य भक्ति सत्संग में आचार्य सुधांशु महाराज के प्रवचन, श्रोताओं ने लिया श्रवण लाभ

# संचार के साथ संस्कार क्रांति की अलख जगाने का माता-पिता करें प्रयास, अपनी संस्कृति पर करें गर्व

**रायपुर।** इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में विश्व जागृति मिशन रायपुर मंडल के स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर दिव्य भक्ति सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। चार दिवसीय भक्तिमय आयोजन में शाम को सत्संग से पहले छत्तीसगढ़ी लोककला मंच की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके बाद तीसरे दिवस समागत में शामिल होने के लिए आए गुरुभक्तों के बीच आचार्य सुधांशु महाराज ने कहा कि हमारी संस्कृति व संस्कार बचेंगे तो ही यह धरती हरी-भरी रहेगी। वह संस्कार बच्चों में माता और पिता से मिलेगा। इस दायित्व को निभाने के लिए संस्कार को आधार बनाना होगा। इसके लिए अडिग सिद्धांत का पालन करते हुए हम सभी को अपने सनातन संस्कृति पर गर्व करते हुए स्वयं को कोरोनाकाल में भारत द्वारा विकसित वैक्सीन को भी याद करना होगा, जिसमें एक छोटा सा शब्द लिया था 'सर्वे संतु निरामया' यह भारतीय संस्कृति में ही संभव है, जो सभी के लिए निरोग होने की कामना करता है।



### सकारात्मक विचारों से जुड़ने का लें संकल्प

सुबह के सत्र में समागम में सत्संग प्रेमियों को संबोधित करते हुए ध्यान एवं योगगुरु और विश्व जागृति मिशन की उपाध्यक्ष डॉ. अर्चिका दीदी ने कहा कि नकारात्मक विचारों से दूर रहते हुए यह पल सकारात्मक विचारों से जुड़े रहने का संकल्प लेने का अवसर है। एक-दूसरे का सम्मान करें और किसी में कमियों को बार-बार दोहराने की जगह गलतियों को माफ करते हुए प्यार बांटें। हमें गलत आचरण को अपनाने से बचना चाहिए। इसके कारण मस्तिष्क में कोई दुर्भाव नहीं आएगा। भगवान के प्यारे भक्त बनकर एक-दूसरे को जोड़ने का काम करते रहें और दैवीय गुणों से जुड़ें। दीदी ने सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।

### गुरुकुलों में संस्कृति को बचाने का प्रयास



उन्होंने दिव्य भक्ति सत्संग में 10 गुरुकुल और 108 बाल संस्कार केंद्रों की चर्चा करते हुए गुरुकुलों में संस्कृति को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयास पर जोर दिया। महाराज ने कहा कि इस महाभियान में सभी को हिस्सा लेना चाहिए। सनातन संस्कृति को बचाने में गिलहरी की तरह प्रयास करते रहने की सलाह दी। महाराज ने संचार के साथ ही संस्कार क्रांति की अलख जगाने का संदेश दिया। मिशन के मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि भक्ति सत्संग महोत्सव के शुभ अवसर पर शनिवार को सायंकालीन समारोह में व्यासपीठ का स्वागत एवं अभिनंदन डीआईजी सीआरपीएफ एनके सिंह के अलावा जनप्रतिनिधियों ने भी किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सैयद मुश्ताक अली टी 20 ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के शुभम ने लिए 2 विकेट



रायपुर। बीसीसीआई की ओर से सैयद मुश्ताक अली टी 20 ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 26 नवंबर से जारी है। जिसमें शनिवार को ग्रुप ए में छत्तीसगढ़ की टीम का मैच अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, लखनउ में मुंबई टीम के विरुद्ध खेला गया। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 19.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 121 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की शुरूवात अच्छी नहीं रही, अमित यादव तथा कप्तान अमनदीप खरे जल्द आउट हो गये। आयुष पांडेय ने 25 रन बनाकर स्कोर को आगे बढाया। अंतिम ओवरों में मयंक यादव ने 24 रन तथा शुभम अग्रवाल ने 19 रन बनाकर टीम का स्कोर तीन अंको में पहुंचाया। मुंबई की ओर से शार्दुल ठाकुर ने 3 विकेट, तुषार देशपांडे, अथर्व तथा सुर्यांश ने 2-2 विकेट लिए। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने केवल 15.5 ओवरों में 2 विकेट खोकर 124 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। मुंबई के लिये आयुश म्हात्रे ने नाबाद 69 रन तथा अजिंक्या रहाणे ने 40 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से शुभम अग्रवाल ने 2 विकेट प्राप्त किये। मुंबई ने 8 विकेट से मैच जीत लिया।

### सॉफ्ट टेनिस के विभिन्न वर्ग में हुए शानदार मुकाबले



रायपुर। वी आई पी क्लब में खेलो इंडिया अस्मिता सॉफ्ट टेनिस लीग चैम्पियनशिप में प्रदेश के 180 बालिका खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सब जूनियर में विजेता बरखा रानी गौड़, उपविजेता संजना फरिकार तथा तृतीय प्रेरणा फरिकार और अंजली सिन्हा रहे। जुनियर वर्ग में चंचल सारथी विजेता, रिया सोनकर उपविजेता तथा तीसरे स्थान पर यामिनी निषाद और रंजना सिंह चौहान रहे। सीनियर वर्ग में पुर्णिमा फरिकार उपविजेता और जितेशवरी साहू, तीसरे स्थान पर निधी डोंगरे और रिमा राय रहे। प्रतियोगिता का उदघाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त समाज कल्याण विभाग की पूर्व अध्यक्ष हेमलता चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल पुसदकर ने की। समापन समारोह और पुरस्कार वितरण की मुख्य अतिथि निशा द्विवेदी थी। कार्यक्रम में प्रमोद सिंह ठाकुर, उमेश सिंह ठाकुर, दिलीप विश्वकर्मा, रवि धनगर, अनिल अग्रवाल और संजय शुक्ला उपस्थित थे।

### अंडर-19 क्रिकेट में संयुक्त टीम की छह विकेट से जीत



भिलाई। गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वावधान में अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 के मैदान में जारी है। आयोजक विराज चौहान ने बताया कि शनिवार को गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए की संयुक्त टीम एवं भिलाई वॉरियर्स के मध्य मैच खेला गया। जिसे संयुक्त टीम ने छह विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच निलांजन रहे। बल्लेबाजी में भिलाई वॉरियर्स 247 रन पर आउट हुई। आलोक ने 68 रन बनाए। प्रियांशु ने 54 एवं अंश फूले ने 28 रन बनाएं। गेंदबाजी में संयुक्त टीम के ऋषिक ने चार विकेट लिए। हंसराज एवं नीलांचल ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में संयुक्त टीम ने चार विकेट पर 251 रन, नीलांचल ने 92 रन, कुंदन ने 35 रन और आदर्श निषाद ने 24 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई वॉरियर्स के आलोक ने दो विकेट लिए। मैच के अंपायर पीयूष साहू एवं हिमाचल साहू तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे।

### वर्ल्ड कप स्क्वॉश में डॉ. श्रीवास्तव जूरी सदस्य नामित



रायपुर। वर्ल्ड स्क्वॉश फेडरेशन के तत्वाधान में स्क्वॉश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से चेन्नइ में एसडीएटी स्क्वॉश वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन 09 से 14 दिसंबर तक किया जा रहा है। स्क्वॉश खेल ओलिम्पिक में शामिल हो चुका है। इस वर्ल्ड कप में छत्तीसगढ़ राज्य से डॉ. विष्णु कुमार श्रीवास्तव प्रथम जूरी सदस्य नामित हुए है। डॉ. श्रीवास्तव वर्तमान में नवीन शासकीय महाविद्यालय माना में क्रीड़ाधिकारी के पद पर पदस्थ है। डॉ. श्रीवास्तव ने इसके पूर्व भी गुवाहाटी, असम में फरवरी 2016 में आयोजित साउथ एशियन गेम्स में जूरी सदस्य का महत्वपूर्ण दायित्व निर्वहन कर चुके है। डॉ. विष्णु के मार्गदर्शन में राज्य ने दो राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी में सफलतापूर्वक किया गया है।

## आंखों में सूखापन होता है कई वजहों से, रहें सचेत

# सर्दियों में बढ़ जाती है आंखों की कुछ तकलीफें आपकी भी हैं ऐसी आदतें तो तुरंत हो जाएं सावधान

सर्दियों में ड्राई आइज या आंखों में सूखापन बढ़ने की दिक्कत अधिक देखी जाती है। ड्राई आइज तब होती है जब आंखें सही मात्रा में आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती हैं। आइए जानते हैं कि इस मौसम में आंखों की देखभाल कैसे करें?

सर्दियों का ये मौसम आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ठंडे मौसम के कारण श्वसन संक्रमण के अलावा त्वचा संबंधी समस्याएं, जोड़ों में दर्द और हार्ट की दिक्कतें भी काफी बढ़ जाती हैं। ये मौसम आपकी आंखों की सेहत के लिए भी काफी दिक्कतें बढ़ा सकता है। सर्दियों में ड्राई आइज या आंखों में सूखापन बढ़ने की दिक्कत अधिक देखी जाती है। ठंडी-शुष्क हवा और घर के अंदर हीटर के इस्तेमाल के कारण ये दिक्कत होना काफी आम है। जिन लोगों को पहले से ही ये समस्या रही है उन्हें इस मौसम में और भी सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी बताते हैं ड्राई आइज की दिक्कत तब होती है जब आंखें सही मात्रा में आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती हैं। इस वजह से आपको आंखों में लालिमा, जलन और किरकिरापन महसूस होता रह सकता है। आइए जानते हैं कि इस मौसम में आंखों की देखभाल कैसे करें?



### ड्राई आइज के होते हैं ऐसे लक्षण

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी के मुताबिक आंखों में सूखापन के कारण कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। इस वजह से आंखों में अक्सर चुभन, जलन या खुजली जैसी दिक्कत होते रहना आम है। इसके अलावा आप प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, आंखों में कुछ होने का अहसास, रात में गाड़ी चलाने में कठिनाई और धुंधला दिखाई देने की समस्या भी महसूस कर सकते हैं। शुष्क हवा में या फिर हीटर के पास बैठने से ये दिक्कतें और भी बढ़ सकती हैं।

### आंखों में रहता है सूखापन तो हो जाइए सावधान

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी के मुताबिक जिन लोगों को आंखों में सूखापन की दिक्कत है, उन्हें समय रहते इसका इलाज जरूर करा लेना चाहिए। अगर आंखों की इस समस्या का सही से उपचार न हो पाए तो इसके कारण आंखों में संक्रमण होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। समय के साथ आपकी आंखों की सतह को नुकसान होने और



गंभीर स्थितियों में आंखों में सूजन, कॉर्नियल सतह का घिसाव, कॉर्नियल अल्सर और दृष्टि हानि तक हो सकती है।

ड्राई आइज की समस्या के कारण आपके लिए रोजमर्रा के कार्य करना भी मुश्किल हो जाता है, इससे क्वालिटी ऑफ लाइफ भी प्रभावित हो सकती है।

### ड्राई आइज की समस्या है तो क्या करें?

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी कहते हैं, जिन



लोगों को ड्राई आइज की दिक्कत है उन्हें कुछ बातों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। लक्षणों को कम करने के लिए किसी डॉक्टर की सलाह पर आई ड्रॉप का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आंखों में नमी बनाए रखना आसान हो सकता है। इसके अलावा जीवनशैली में बदलाव भी बहुत जरूरी है। धुएं, हवा और एयर कंडीशनिंग से बचने की कोशिश करें। सर्दियों में हीटर के सीधे सामने न बैठें, इससे भी आंखों की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। आंखों की जटिलताओं को कम करने के लिए स्क्रीन से ब्रेक लेना भी जरूरी है। फोन-लैपटॉप जैसे डिजिटल स्क्रीन का उपयोग कम से कम करें। पर्याप्त नींद लें जिससे आंखों को आराम मिले।

### ड्राई आइज से बचने के लिए क्या उपाय करें?

ड्राई आइज से बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतते रहने की सलाह दी जाती है। अगर आपको आंखों में सूखापन महसूस होता है, तो उन स्थितियों पर ध्यान दें जो आपके लक्षणों को बढ़ाने वाली हो सकती है।

## छत्तीसगढ़ की महिला टीम 8 पदकों के साथ राष्ट्रीय स्तर में तीसरे स्थान पर



रायपुर। 47वी अखिल भारतीय विद्युत महिला क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने 6 राज्यों की टीमों से मुकाबला कर टीम चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। यह स्पर्धा तमिल नाडु राज्य द्वारा 3 से 5 दिसंबर तक चेन्नई में आयोजित की गयी थी। जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम ने तमिल नाडु,कर्नाटक , तेलंगाना, केरल, आंध्र प्रदेश, असम के साथ मुकाबला करते हुए संपूर्ण टूर्नामेंट में 8 पदकों के साथ तीसरे स्थान हासिल किया।

तीन दिवसीय इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने पांच अलग अलग खेल वर्ग में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस श्रेणी में सामूहिक वर्ग में रजत पदक, डबल्स वर्ग में स्वर्ण एवं एकल में स्वर्ण और कांस्य दोनों पदको पर कब्जा किया। इसी तरह बैडमिंटन एवं शतरंज श्रेणी में सामूहिक वर्ग में रजत और कैरम में कांस्य पदक विजेता रहे।

शतरंज श्रेणी में नूतन ठाकुर एकल स्पर्धा में हैट्रिक बनते हुए एकल वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रही। वह वर्ष २०२* से अब तक लगातार तीन वर्षों से शतरंज की चैंपियन रही है। टीम की मैनेजर अनामिका मांडवी एवं कोच रजनीश ओबेरॉय के नेतृत्व में टीम तमिलनाडु गई थी । अनामिका और ओबेराय ने इस जीत का श्रेय छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की उत्साहवर्धक नीतियों को दिया जिसके कारण खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है। केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारियों द्वारा बेहतर सुविधायें देकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया जाता है ।

इस स्पर्धा में कैरम टीम से कंचन महेश ठाकुर, नमिता जैन, शकुंतला करक, अनिता रोही, बैडमिंट टीम से झरना लता साहू, जुवेना गेम्स, गायत्री दीवान, टेबल टेनिस श्रेणी से दिव्या आमदे, श्रद्धा वर्मा, शिखा खंडे, शोभना सिंह, शतरंज से नूतन ठाकुर, मीना कुर्रे, स्मिता सोनी, भारती साहू एवं टेनिकोइट खेल से एलिस मेरी केरकेट्टा, उपासी दांगी, यशोदा रौतिया और कल्याणी वर्मा ने भाग लिया।

## शाम को दीपक जलाते समय रखें इन बातों का ध्यान



सनातन परंपरा में सुबह और शाम के समय दीपक जलाना बहुत शुभ और लाभकारी माना जाता है। हालांकि दीया जलाने से जुड़े कई नियम भी शास्त्रों में वर्णित हैं। सनातन परंपरा में सुबह और शाम के समय दीपक जलाना बहुत शुभ और लाभकारी माना जाता है। हालांकि दीया जलाने से जुड़े कई नियम भी शास्त्रों में वर्णित हैं जिनका पालन आवश्यक माना गया है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि शाम के समय दीया जलाने के दौरान किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है और क्यों जलाना चाहिए शाम के समय दीपक।

**कब जलाना चाहिए शाम के समय दीया ?** -शाम के समय दीया ज्यादातर घरों में जलाए जाने की परंपरा है। हालांकि अक्सर लोग शाम के समय नहीं बल्कि रात हो जाने पर यानी कि अंधेरा हो जाने पर दीया जलाते हैं जबकि संध्याकाल का दीपक हमेशा सूर्यास्त (सूर्यास्त के बाद करें ये काम) के समय जलाना चाहिए जब सूर्य आकाश में नहीं होता लेकिन प्रकाश मौजूद रहता है। अंधेरा हो जाने के बाद दीया जलाना सात्विक नहीं बल्कि तांत्रिक पूजा में गिना जाता है।

**क्यों जलाना चाहिए शाम के समय दीया?** -शाम के समय दीया जलाने से नकारात्मकता दूर होती है। घर में सुख, शांति, समृद्धि, संपन्नता, सौभग्य, सकारात्मकता आदि का आगमन होता है। शाम के समय दीया जलाने से राहु (राहु को मजबूत करने के उपाय) का दुष्प्रभाव भी कम ही जाता है।



## विटामिन डी की कमी दूर करने रोज सुबह धूप में करें ये काम

क्या आपके शरीर में भी विटामिन-डी की कमी है? अगर हां, तो कुछ कदम आपको उठाने होंगे। सूर्य नमस्कार विटामिन-डी लेवल कैसे बढ़ाता है और इसकी 12 मुद्राएं शरीर को सूरज की रोशनी से ज्यादा फायदे कैसे दिलाती हैं? आइए एक्सपर्ट से विस्तार में जानते हैं।

विटामिन-डी की कमी शरीर में थकान, हड्डियों की कमजोरी और इम्यूनिटी में गिरावट जैसी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती है, लेकिन क्या आप जानती हैं कि सुबह किया गया सूर्य नमस्कार आपके विटामिन-डी लेवल को तेजी से बढ़ा देता है? जी हां इसे 'सनशाइन विटामिन' कहा जाता है, क्योंकि शरीर इसे तब बनाता है, जब त्वचा सूरज की रोशनी के संपर्क में आती है।

योग गुरु और अक्षर योग केंद्र के फाउंडर, हिमालयन सिद्धा अक्षर बताते हैं कि सूर्य नमस्कार सिर्फ एक्सरसाइज नहीं, बल्कि शरीर, सांस और मन को प्राकृतिक प्रकाश चक्र से जोड़ने वाला शक्तिशाली योग अभ्यास है। इसकी 12 मुद्राओं का क्रम न सिर्फ पूरे शरीर को सक्रिय करता है, बल्कि



शरीर की ऊर्जा नाड़ियों को भी जागृत करता है, जिससे हमारा सिस्टम सूरज की रोशनी का ज्यादा फायदे ले पाता है। खासकर जब इसे सुबह की धूप में किया जाए, तो यह विटामिन-डी के उत्पादन को असाधारण रूप से तेज कर देता है। आइए इस आर्टिकल के माध्यम से विस्तार में जानते हैं कि सूर्य नमस्कार विटामिन-डी लेवल को कैसे बढ़ाता है?

### त्वचा को मिलता है सही कोण

साधारण धूप में खड़े रहने के बजाय सूर्य नमस्कार की निरंतर मुद्राएं शरीर के अलग-अलग हिस्सों को अलग-अलग एंगल से सूरज की रोशनी दिलाती हैं। त्वचा पर रोशनी ज्यादा और विविध रूप में पहुंचती है, जिससे शरीर विटामिन-डी को ज्यादा असरदार तरीके से बनाता है। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और इम्यून सिस्टम अच्छा होता है।

### अनुशासन और सही समय


रेगुलर सूर्य नमस्कार सुबह जल्दी उठने और धूप में समय बिताने की आदत बनाता है। सुबह की धूप सबसे सुरक्षित और विटामिन-डी सोखने के लिए आदर्श मानी जाती है। यह रूटीन आपको रोज प्राकृतिक धूप का लाभ देती है।

### ब्लड सर्कुलेशन में सुधार

यह आसन शरीर की मांसपेशियों, जोड़ों और ग्रंथियों को सक्रिय करता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होता है। इससे विटामिन-डी समेत कई पोषक तत्व शरीर की कोशिकाओं तक ज्यादा आसानी से पहुंचते हैं, जिससे शरीर इसे अच्छी तरह से इस्तेमाल कर पाता है।

### लाइफस्टाइल में बदलाव

सूर्य नमस्कार मानसिक स्पष्टता, सकारात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाता है। जागरूकता बढ़ने से आप बाहर ज्यादा समय बिताते हैं, अच्छा खान-पान अपनाते हैं और स्वास्थ्य का ज्यादा ध्यान रखते हैं। ये सभी बातें विटामिन-डी बढ़ाने में मदद करती हैं। सूर्य नमस्कार सिर्फ योगासन नहीं, यह सुबह की रोशनी को सम्मान देने का वाला अनुष्ठान है। इसे रोज करने से शरीर मजबूत होता है और विटामिन-डी का लेवल भी प्राकृतिक रूप से बढ़ता है, जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य अच्छा होता है।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'माइकल' बायोपिक के टीजर ने तोड़ा रेकॉर्ड, 24 घंटे में 116 मिलियन व्यूज पार



'किंग ऑफ पॉप' माइकल जैक्सन की बायोपिक का नाम 'माइकल' है। इसमें उनके भतीजे जाफर जैक्सन लीड रोल में हैं। इस बायोपिक के टीजर ट्रेलर ने रेकॉर्ड तोड़ दिया है। इसे 24 घंटे में 116 मिलियन व्यूज मिले हैं। ये फिल्म अगले साल रिलीज के लिए एकदम तैयार है। 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रेकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। 'माइकल' बायोपिक में 'किंग ऑफ पॉप' की जिंदगी को करीब से देखने का मौका मिलेगा। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार, 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं। क्लिप में जाफर जैक्सन मूव्स करते और प्रैक्टिस करते हुए देखा गया है। खासकर मून वॉक। 'थ्रिलर' म्यूजिक वीडियो का भी टीजर दिखाया है। इसमें यंग माइकल के किरदार में जूलियानो क्रू वाल्दी, जो जैक्सन के रोल में कोलमैन डोमिंगो, कैथरीन जैक्सन का रोल निया लॉन्ग, डायना रॉस की भूमिका में कैट ग्राहम, जॉन ब्रांका के रोल में माइल्स टेलर, सुजैन डे पासे के किरदार में लारा हैरियर और क्विसी जोन्स के रोल में क्रेंड्रिक सैम्पसन हैं।

### टॉलीवुड

## 'थलाइवर 173' का निर्देशन करने की जवाबदारी अब दामाद की, सुंदर बाहर



डायरेक्टर सुंदर सी अब रजनीकांत की फिल्म 'थलाइवर 173' का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। उनकी जगह एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आया है, जो साउथ का जाना-माना एक्टर भी है। रजनीकांत स्टारर फिल्म 'थलाइवर 173' घोषणा के बाद से चर्चा में है। इस फिल्म को कमल हासन प्रोड्यूस कर रहे हैं। साउथ के दोनों दिग्गज एक्टर कई साल बाद साथ काम कर रहे हैं। लेकिन डायरेक्टर सुंदर सी ने इस फिल्म को करने से इंकार कर दिया है। अब फिल्म के निर्देशक को लेकर एक नए नाम की चर्चा है। यह शख्स साउथ का एक नामी एक्टर है। रजनीकांत और एक्टर का पुराना और गहरा कनेक्शन भी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रजनीकांत की फिल्म 'थलाइवर 173' को एक्टर धनुष निर्देशित कर सकते हैं। तमिल सिनेमा के लिए यह बड़ी बात होगी कि धनुष और रजनीकांत साथ काम करेंगे। बताते चलें कि धनुष रजनीकांत के दामाद हैं। रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या के साथ धनुष की शादी हुई, लेकिन अब दोनों का तलाक हो चुका है। इसके बावजूद भी रजनीकांत के परिवार के साथ धनुष के रिश्ते बहुत अच्छे हैं।

फिल्म 'थलाइवर 173' के निर्माता कमल हासन ने कुछ दिन पहले मीडिया से बात की। इस बातचीत में उन्होंने कहा, 'सुंदर सी ने फिल्म से हटने का कारण पहले ही स्पष्ट कर दिया है। मुझे इसमें और कुछ नहीं कहना है।' वह आगे कहते हैं, 'मैं एक निर्माता हूं, इसलिए मुझे ऐसी फिल्म बनानी है जो मेरे सुपरस्टार रजनीकांत को संतुष्ट करे। हम तब तक स्क्रिप्ट सुनते रहेंगे जब तक वह रजनीकांत को पसंद नहीं आती है। हम फिल्म के लिए एक और कहानी खोज रहे हैं जिस पर हम एक साथ काम कर रहे हैं।'

### भोजपुरी

## देवरानियों ने रंग के साथ बदली कहानी, दर्शकों को आएगी पसंद



रानी चटर्जी की अपकमिंग फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है जिसमें वो घर तकी सबसे बड़ी बहू के रूप में नजर आ रही हैं। फिल्म में रानी रोल दिल को छू जाने वाला है, जिसमें वो अपने दोनों देवरों और देवरानी को जी-जान से प्यार करती हैं। जब घर में पता लगता है कि वो मां बनने वाली हैं तो घरवालों का रंग गिरगिट की तरह बदल जाता है और इसके बाद पलटती है पूरी कहानी। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी की अपकमिंग फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर पारिवारिक होने के साथ-साथ घर में संपत्ति के लिए हो रही साजिश की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। एक्ट्रेस का रोल फिल्म में बहुत मार्मिक है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस तारीफ करने से खुद को नहीं रोक पा रहे हैं और फिल्म की जल्दी रिलीज की डिमांड कर रहे हैं। एक्ट्रेस रानी चटर्जी की फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर 'बीफॉरयू भोजपुरी' पर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर की शुरुआत में रानी चटर्जी यानी कात्यायनी का हंसता-खेलता परिवार दिखाया गया है, जिसमें उनके दो देवर और दो देवरानी मिलकर कात्यायनी की सेवा कर रही हैं। कात्यायनी को बच्चे होने में परेशानी हो रही है लेकिन वो अपनी देवरानी के बच्चों को अपने बच्चों की तरह पालती हैं लेकिन कात्यायनी को इस बात से अनजान हैं कि उनके दोनों देवर मिलकर सिर्फ संपत्ति के लिए उनकी सेवा कर रहे हैं।

### सार्वभौमिक साड़ी

साड़ी, पारंपरिक भारतीय फैशन में एक प्रतिष्ठित प्रतीक, बहुमुखी प्रतिभा और स्थायी सुंदरता की मिसाल है। इस पारंपरिक पोशाक की अनुकूलनशीलता इसे खास बनाती है। इसे विभिन्न तरीकों से लपेटा जा सकता है, जो अक्सर क्षेत्र-दर-क्षेत्र और अवसर-दर-अवसर भिन्न है। वाराणसी की रेशम साड़ियाँ, बनारसी रेशम साड़ी के हाथ से बुने हुए खजाने, बंगाल के जीवंत और हल्के रेशम-कपास मिश्रण और तमिलनाडु की जटिल कांजीवरम रेशम साड़ी इसके कुछ उदाहरण हैं।

लाइफ स्टाइल



## सर्दियों में कैसे चुनें सही सनस्क्रीन, उपाय है यहां



विंटर में स्किन ड्राइ होती है। इसलिए टैनिंग भी ज्यादा होती है। इससे बचने के लिए आपको अपनी सनस्क्रीन का सही एसपीएफ खरीदना चाहिए। एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि कम से कम आपकी क्रीम का एसपीएफ 30 होना चाहिए। लेकिन सर्दियों में आप इससे ज्यादा एसपीएफ वाली क्रीम खरीद सकती हैं। वो भी काफी अच्छी होती है। ऐसी सनस्क्रीन चुनें जिसमें स्पेक्ट्रम प्रोटेक्शन ज्यादा हो। क्योंकि सर्दियों में स्किन को नमी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसके (सनस्क्रीन के फायदे) लिए आप ऐसे क्रीम खरीद सकती हैं जिसमें डाइऑक्साइड, जिंक ऑक्साइड, या एवोबेनज़ोन जैसे तत्व मौजूद हों। बाजार में आपको ऐसी क्रीम आसानी से मिल जाएगी, जिसका इस्तेमाल आप रोजाना कर सकती हैं। अगर आपकी स्किन ज्यादा ड्राई है तो सर्दियों के लिए बेस्ट है कि आप लाइट वेट सनस्क्रीन को चूज करें। इससे आपकी स्किन पर किसी तरह की कोई इरिटेशन भी नहीं होगी। साथ ही स्किन सॉफ्ट रहेगी। बस इस बात का ध्यान रखें कि इससे आपको तकलीफ न हो।

कई बार होता है कि हम अपनी स्किन को प्रोटेक्ट करने के लिए ज्यादा सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन ऐसा (स्किन को हाइड्रेट रखने का तरीका) बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। इससे स्किन में इरिटेशन हो सकती है।

### सही सनस्क्रीन चुनने के उपाय

ब्रॉड-स्पेक्ट्रम चुनें: सुनिश्चित करें कि यह यूवीए (झुर्रियों का कारण) और यूवीबी (सनबर्न का कारण) दोनों किरणों से बचाए। कम से कम एसपीएफ 30 चुनें, और अगर ज़्यादा धूप या बर्फ में हैं तो एसपीएफ 50+ बेहतर है, क्योंकि बादल होने पर भी यूवी किरणें आती हैं। त्वचा को रूखेपन से बचाने के लिए हयालूरोनिक एसिड, ग्लिसरीन, सेरामाइड्स, या एलोवेरा वाले क्रीम-बेस्ड चुनें। रूखी त्वचा के लिए रिच, क्रीम-बेस्ड, हाइड्रेटिंग सनस्क्रीन, तैलीय त्वचा के लिए हल्का जेल या वॉटर-बेस्ड, संवेदनशील त्वचा के लिए जिंक ऑक्साइड या टाइटेनियम डाइऑक्साइड वाले मिनरल सनस्क्रीन होना चाहिए। अल्कोहल, कृत्रिम सुगंध वाले भारी सनस्क्रीन से बचें, क्योंकि ये त्वचा को और सुखा सकते हैं।

## फंक्शन में दिखना है खास तो लहंगे के ये लेटेस्ट डिजाइंस आपके लिए



हर शादी व फंक्शन में जाने के लिए हम अक्सर ट्रेडिशनल वियर को ही पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए ज्यादातर लोग लहंगे को पहनते हैं। हालांकि इसमें आपको कई डिजाइंस लगभग हर ऑफ़लाइन और ऑनलाइन स्टोर्स पर आसानी से मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो हम सेलिब्रिटीज के जैसे डिजाइनर लहंगे पहनना पसंद करते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लहंगे के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप इस वेडिंग सीजन के लिए ट्राई कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन ट्रेडिशनल लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स।



### ब्लैक लहंगा डिजाइन

ब्लैक कलर अपने आप में काफी क्लासी लुक देने में मदद करता है। इस खूबसूरत लहंगे को डिजाइनर सब्यासाची ने डिजाइन किया है। इस तरह के मिलते-जुलते लहंगे आपको मार्केट में लगभग 3,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ शैम्पेन गोल्डन कलर की ज्वेलरी को पहन सकती हैं।



### वेलवेट लहंगा डिजाइन

ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए आप वेलवेट फैब्रिक से बने लहंगे को पहन सकती हैं। इस तरह के डिजाइनर आउटफट को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरह के मिलते-जुलते लहंगे आपको मार्केट में लगभग 5,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह के लुक के साथ आप सिंपल और स्लीक हेयर स्टाइल को चुन सकती हैं।

### ऑफ व्हाइट लहंगा डिजाइन

दिन की शादी में जा रही हैं तो इस तरह के सोबर कलर को ट्राई करें। इसे डिजाइनर फराज़ मनन द्वारा डिजाइन किया गया है।

## स्लिक हेयर बेक स्टाइल के लिए करनी होती है खास तैयारी



स्लिक हेयर बेक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही।

इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। इसके लिए क्या-क्या करना होगा जानिए-

बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं। बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा।

इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं। अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें।

अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे। बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी। अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।

अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।

## फटी-पुरानी साटन साड़ी को फेंके नहीं इन तरीकों से करें इनका दोबारा इस्तेमाल

अक्सर अलमारी में बंद पड़े बिना ज्यादा इस्तेमाल हुए रखें ही रह जाते हैं और आखिर फैब्रिक कमजोर होकर फट जाता है। ज्यादातर ऐसा साड़ी के साथ होता है और बदलते फैशन ट्रेंड में हम साड़ी को ज्यादा बार नहीं पहन पाते हैं, जिसके कारण ये अलमारी में रखी ही रह जाती हैं। बता दें कि पुरानी साड़ी को आप आसानी से रीसायकल कर सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं साटन साड़ी को रीसायकल करने का आसान तरीका ताकि आप पैसे बचाकर पुरानी साड़ी से ही कई साड़ी नयो चीजें बना पाएं।

### सिरहाने के कवर बनाने में आ सकते हैं काम

हम ज्यादातर रेडीमेड सिरहाने के कवर खरीदते हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि आप साटन साड़ी को रीसायकल कर दोबारा इस्तेमाल करने के लिए इनसे अपने सिरहाने के कवर बनवा सकती हैं। साथ ही चाहे तो आप दूसरी किसी साड़ी की मदद से पाइपिंग वाला बॉर्डर भी बना सकती हैं और इसे फैंसी लुक दे सकती हैं। साटन का फैब्रिक एक तरफ से बेहद मुलायम होता है दूसरी तरफ से खुदरा होता है। इसकी मदद से आप



काफी स्टाइलिश कलरफुल और अपनी जरूरत के अनुसार कलर कॉम्बिनेशन का बैग बनवा सकती हैं। कोशिश करें कि बैग बनवाने के लिए आप सभी चीजें सही तरीके से माप लें ताकि आसानी से आप इसे कैरी कर पाएं।

### साड़ी की मदद से कैसे बनाएं चीजें?

इन सबसे अलग आप चाहे तो घर पर लगाने वाले डेकोरेशन आइटम्स भी पुरानी साटन साड़ी की मदद से बना सकती हैं। बता दें कि इसके लिए आप दीवार पर वाल हैंगिंग या लैंप कवर जैसी कई अन्य चीजें भी बना सकती हैं। इसके लिए आप कोशिश करें कि प्रिंटेड साटन साड़ी का चुनाव करें।

कार्नर न्यूज

**ऐसे बनाएं खुद को अट्रैक्टिव और फैशन के जादू से अपनी लेडी लव को लाएं करीब**

## मेंस फैशन में चुनिए ऐसा जो आपको हजारों की भीड़ में भी अलग दिखाए, खुद को भी होगी तसल्ली

पुरुष कैसे कपड़े पहनें जो लड़कियों को देखने में अट्रैक्टिव लगें? ज्यादातर पुरुषों के दिमाग में ऐसे सवाल आते हैं। क्योंकि हम अच्छी तरह से ड्रेस अप अपने आप को निखारने के लिए करते हैं। यही बात आपको हजारों की भीड़ में किसी के लिए खास बना देती है। इसलिए फैशन सेंस को महत्वपूर्ण माना जाता है। खासकर, अगर आप डेटिंग की सोच रहे हैं या अपनी क्रश को इंप्रेस करना चाहते हैं तो ये और भी महत्वपूर्ण बन जाता है। क्योंकि आप उसके करीब रहना चाहते हैं और उसे अपने पास बनाए रखना पसंद करते हैं। मगर अपीलिंग फैशन के लिए कोई गारंटी वाला फार्मूला नहीं है।

हां, हम यहां पर ऐसी कुछ बातें जरूर बताएंगे। जिससे आपके लिए फैशन से आकर्षित करना आसान हो जाएगा। लेकिन ये भ्रम न पालें कि लड़की दौड़ी चली आएगी और लिपट जाएगी। जैसा कि कई परफ्यूम ब्रांड वाले अपने विज्ञापन में दिखाते हैं। अब हम अपने फैशन में करने वाले बदलाव की बात करते हैं-



### ट्रेंडी ड्रेस पहनें

फैशन हर साल बदलता है। इसलिए सबसे पहले सीजन का खास ख्याल रखें। गर्मी के मौसम में ट्रेंडी समर ड्रेस पहनें। इसके अलावा सर्दी में विंटर ड्रेस पहनें। मगर पुरानी ड्रेस को अलविदा कहना होगा। आपको अपने वार्डरोब में कुछ नए कपड़े शामिल करने होंगे। जैसे- कई लड़के अपनी गर्मी की टी-शर्ट को बदलने का नाम नहीं लेते। कम से कम 3-4 साल तक उसको पहनते रहते हैं। ऐसे में उस कपड़े से नई जैसी चमक चली जाती है जिससे आप डल दिखाई देते हो। इसलिए हमेशा टॉप वियर को हर साल बदल दें।

### फंकी न बनें

आप अपनी क्रश को इंप्रेस करने के लिए फंकी बनकर न जाएं। फंकी लुक गलत नहीं है। मगर बहुत कम लड़कियों को ऐसे में लुक वाले लड़के पसंद आते हैं। इसलिए अगर आप पंजाबी गानों से बहुत अधिक प्रभावित होकर खुद को फंकी न बनाएं। आप ऐसे ड्रेस पहनें जिसमें कूल दिखें। क्लासी लुक वाले लड़के अधिक अपीलिंग होते हैं। इसलिए खुद को फंकी लुक से दूर रखें। हालांकि ये बात सेलेब अप्रूव्ड भी है। एक्टर नीरज ने भी डेटिंग के लिए ड्रेसिंग टिप्स दिए जिसमें कि फंकी ड्रेस से दूर रहने की सलाह दी।

### पहनें एक शानदार घड़ी

यहां पर हम एक शानदार दिखने वाली घड़ी की बात कर रहे हैं न कि, महंगी या लग्जरी घड़ी। अगर आपकी कलाई में एक शानदार दिखने वाली घड़ी है तो ये आपके फैशन को नेक्स्ट लेवल पर लेकर जाएगी।

